kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-312 | बुधवार, 17 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए चुनाव सुधार जरूरी हैं और चुनाव आयोग ने इस दिशा में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव सुधारों की लंबी यात्रा तय की है। जगत प्रकाश नड्डा


कृषि, ऊर्जा और उद्योग प्रदेश की आर्थिक वृद्धि के मुख्य स्तंभ बने 11

नीतीश कैबिनेट बैठक में सात निश्चय योजना 3.0 को मंजूरी 12


## संक्षेप

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 131 उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को 131 उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि शाम छह बजे तक दिल्ली से जाने वाली 52 और दिल्ली आने वाली 79 घरेलू उड़ानें अब तक रद्द रही हैं। आज हालांकि सोमवार की तुलना में स्थिति कुछ बेहतर रही, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर भी परिचालन पर देखने को मिला। दिल्ली में सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था। इस बीच, मौसम विभाग ने बुधवार को कोहरा कम रहने का अनुमान व्यक्त किया है। उसने बताया है दृश्यता सुबह के समय 600 मीटर तक घटने के बाद फिर बढ़ेगी।

### लाल आतंक ने फिर डाले हथियार, 34 नक्सलियों का सरेंडर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से 26 पर कुल 84 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। येकैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी), तेलंगाना स्टेट कमेटी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे। मुख्य कैडरों में पांडू पुनेम (45), रुकनी हेमला (25), देवा उइका (22), रामलाल पोयम (27) और मोटू पुनेम (21) शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक पर आठ लाख रुपये का इनाम था।

### संसाधन देने के बाद ही ग्राम सचिवों की लगेगी ऑनलाइन हाजिरी, आंदोलन स्थगित

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सचिवों की ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था उन्हें जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के बाद ही लागू की जाएगी। बीते 15 दिनों से फ़ेशियल रिकॉग्निशन एटेंडेंस सिस्टम के विरोध व अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्राम सचिवों ने आश्वासन मिलने के बाद अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। मंगलवार को राजधानी स्थित पंचायती राज निदेशालय में उप्र ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह व ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने पंचायती राज निदेशक अमित सिंह से मुलाकात की और उनसे कई बिंदुओं पर वार्ता हुई। संघ ने स्मार्ट मोबाइल फोन, सिम व उसके खर्च की व्यवस्था करने के साथ ही ऑनलाइन हाजिरी को लेकर आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को उनके सामने रखा। निदेशक ने आश्वासन दिया कि वह सुविधाएं दिलाने का प्रयास करेंगे और अगर ग्राम सचिव को कई गांव में भ्रमण करना पड़ता है तो वह जहां पर भी हों वहां से अपनी उपस्थिति दर्ज कर दें। ऑनलाइन उपस्थिति लागू की व्यवस्था लागू की जाएगी। वहीं ग्राम सचिवों के लिए आप्रासंगिक हो चुके साइकिल भत्ते की जगह मोटरसाइकिल भत्ता देने का प्रत्यावेदन शासन को भेजा जाएगा।

## विशेषाधिकार समिति का उद्देश्य दंड देना नहीं गरिमा बनाए रखना है: महाना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विशेषाधिकार समिति का लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह समिति विधायिका की गरिमा, अधिकारों और मर्यादाओं की रक्षा का सशक्त माध्यम है। विशेषाधिकार समिति का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था की गरिमा बनाए रखना है। उन्होंने मंगलवार को विधानसभा विशेषाधिकार समिति की उद्घाटन बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इसको अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी औपचारिकता और संवैधानिक मर्यादा के साथ करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि समिति के काम पर किसी को कोई विरोध नहीं है, लेकिन यह जरूरी है कि सभी जनप्रतिनिधि और संबंधित पक्ष अपने अधिकारों का प्रयोग एक निर्धारित सीमा के भीतर करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों का भी महत्व है। किसी भी संस्था या व्यक्ति ● शेष पेज 11 पर

## भारत-जॉर्डन का व्यापार अगले पांच वर्षों में पांच अरब डॉलर: मोदी

एजेंसी



अम्मान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अगले पाँच वर्षों में भारत और जॉर्डन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

प्रधानमंत्री ने महामहिम शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ अम्मान में इंडिया-जॉर्डन बिज़नेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जॉर्डन और दुनिया भर के भागीदारों के लिए 'अपार व्यावसायिक अवसर' प्रदान करता है।

श्री मोदी ने कहा, ''भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।'' उन्होंने कहा कि देश की वृद्धि 'उत्पादकता-संचालित शासन' और 'नवाचार वाली नीतियों' से प्रेरित है। प्रधानमंत्री ने साझा समृद्धि के लिए नये आर्थिक अवसरों को खोलने और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने के लिए दोनों देशों के अपने ऐतिहासिक व्यापारिक संबंधों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

श्री मोदी ने प्राचीन व्यापार मार्गों का भी उल्लेख किया जो गुजरात को पेट्रा के रास्ते यूरोप से जोड़ते थे। भरूच जैसे भारतीय बंदरगाहों से माल समुद्री मार्गों से अरब सागर के पार जाता था, जिसमें पेट्रा एक प्रमुख व्यापार केंद्र के रूप में कार्य करता था। वहाँ से फिर भूमध्यसागरीय बंदरगाहों और यूरोप की ओर बढ़ता था। प्रधानमंत्री ने कहा, ''एक समय था जब गुजरात से यूरोप तक व्यापार पेट्रा के रास्ते होता था। हमें अपनी भविष्य की समृद्धि के लिए अपने पुराने संबंधों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। श्री मोदी ने मजबूत व्यापार-से-व्यापार जुड़ाव का आह्वान करते हुए जॉर्डन की कंपनियों को भारत के साथ साझेदारी करने और इसके '1.4 अरब उपभोक्ता बाजार, मजबूत विनिर्माण आधार और स्थिर, पारदर्शी नीतिगत वातावरण' से लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश मिलकर 'दुनिया के लिए भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला भागीदार' बनने के लिए काम कर सकते हैं। शाह अब्दुल्ला द्वितीय ने भी वाणिज्यिक संबंधों के विस्तार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि जॉर्डन के मुक्त व्यापार समझौतों का नेटवर्क भारत की आर्थिक ताकत के साथ मिलकर 'दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और उससे ● शेष पेज 11 पर

# अमंगल रहा मंगल

### प्रदेश में सड़क हादसों में 31 की मौत

एजेंसी



- मथुरा जिले में एक्सप्रेसवे पर आपस में टकराईं गाड़िया, 13 जिंदा जले
- बस्ती और उन्नाव जिले में चार-चार और लखनऊ, बागपत व बहराइच में दो-दो, नोएडा, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र में एक-एक लोगों की मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों के लिहाज से मंगलवार का दिन अमंगल ही रहा। कोहरा और तेज रफ्तार के चलते प्रदेश के कई जिलों में मार्ग दुर्घटनाएं हुईं। सोमवार की देर रात और मंगलवार को हुई इन दुर्घटनाओं में 31 लोगों की मौत हुई है और 87 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें सबसे भीषण हादसा में मथुरा जिले में एक्सप्रेसवे पर हुआ है। यहां वाहनों के आपस में टकराने के बाद आग लगने से 13 लोग जिंदा जल गए। इसके अलावा बस्ती और उन्नाव जिले में चार-चार और लखनऊ, बागपत व बहराइच में दो-दो, नोएडा, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र जिले में एक-एक लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में जानहानि पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं। और कई घटनाओं में मुआवजे का भी ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया है।

मथुरा जिले के बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास मंगलवार तड़के कोहरे की वजह से कई वाहन आपस में टकरा गई। टक्कर के बाद सात बसों और तीन कारों में आग लग गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को मथुरा और वृंदावन के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। भीषण आग से शव बुरी तरह जल गए हैं, जिनकी पहचान होना मुश्किल है। प्रशासन ने मृतकों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने की व्यवस्था की है। केवल कुछ ही शवों की शिनाख्त हो सकी है। मथुरा जिला प्रशासन हादसे के संबंध में हेल्पलाइन नंबर 0565-2403200 जारी किया गया है। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा के मोबाइल नंबर 9454417583 और एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के मोबाइल नंबर 9454401103 पर संपर्क किया जा सकता है। जनपद उन्नाव में बागंरमऊ कोतवाली क्षेत्र स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। बांगरमऊ सीओ संतोष सिंह ने बताया कि फॉच्यूनर कार टायर फटने से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान गाजियाबाद निवासी अशोक अग्रवाल (57), आकाश अग्रवाल (35), अभिनव अग्रवाल (20 ) के रूप में हुई है। एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो पायी है। बस्ती जिले में कोतवाली क्षेत्र राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर सोमवार देर रात को एक ट्रक और बस की टक्कर हो गई। हादसे में बस्ती निवासी अब्दुल्ला (60), मुख्तार अली (75), बस चालक संदीप पांडेय (32) और ट्रक चालक शिवराज सिंह की मौत हो गई। इस हादसे में 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। डीआईजी संजीव त्यागी ने बताया कि संतकबीर नगर से एक प्राइवेट बस यात्रियों को लेकर अजमेर शरीफ के उर्स में शामिल होने जा रही थी। बस में करीब 60 लोग सवार थे। कोतवाली थाना क्षेत्र में हरदिया के पास सोमवार देर रात हादसा हो गया। बागपत जिले के सिंघावली अहीर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि कोर्ट के एक नोटिस पर हेड कांस्टेबल राहुल और कौशल शर्मा बसोद गांव निवासी गुड्डू, तैयब और अजहरुद्दीन को साथ लेकर मेरठ दबिश देने गए थे। रात्रि में करीब दो बजे जब लौटते समय उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कांस्टेबल राहुल और अजहरुद्दीन की मौत हो गई, जबकि एक कांस्टेबल सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का मेरठ अस्पताल में इलाज चल रहा है। बाराबंकी जिले में मंगलवार को कोहरे के चलते दो वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी हैदरगढ़ अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार राज्य के छपरा के ग्राम बाहुहारा निवासी बबलू (35) और यूपी के आजमगढ़ लालगंज हनुमानगढ़ निवासी दीपक कुमार (36) के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी दो सड़क ● शेष पेज 11 पर

## हंगामे के बीच मनरेगा से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश

एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष के विरोध के बीच ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार से जुड़े गारंटी योजना मनरेगा में बदलाव से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश किया गया। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया। ज्यादातर सदस्यों ने विधेयक को सदन की स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटीः (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक विकसित भारत अ2047 के राष्ट्रीय विज़न के साथ जुड़ा एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसमें हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के रोज़गार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इसमें परिवार के वयस्क सदस्य को उनकी इच्छा पर बिना किसी कौशल वाला काम दिया जाएगा। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी देशवासियों के दिलों में बसते हैं और उन्होंने एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के कल्याण की सोच दी थी। विधेयक में सरकार ने 100 दिनों के बजाय 125 दिनों की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया है, जिसके लिए 1,51,282 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है। उन्होंने विपक्ष से पूछा कि क्या जवाहर रोजगार योजना का नाम बदलने से पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ अन्याय हुआ था। इसमें ग्राम विकास को प्राथमिकता दी गई है और 95 हजार करोड़ रुपये केन्द्र से खर्च किए जाएंगे। कम विकसित पंचायतों को अधिक काम ● शेष पेज 11 पर

### अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से किया इनकार

नयी दिल्ली। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। इस आदेश से मामले में नामित अन्य पाँच आरोपियों को भी राहत मिली है। अदालत ने हालांकि कहा कि यदि ईडी चाहे तो अपनी जाँच जारी रखने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने टिप्पणी की, ''पंजीकृत प्राथमिकी के अभाव में धन शोधन की जाँच और उसके आधार पर दायर की गयी अभियोजन शिकायत कायम नहीं रह सकती। अदालत ने कहा, ''इस तरह की शिकायत के आधार पर धन शोधन के लिए कानूनी कार्यवाही ● शेष पेज 11 पर

## प्रदेश में 'अंतिम मील कनेक्टिविटी' सुनिश्चित होगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


- 'विकसित उत्तर प्रदेश के तहत प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बढ़ाने पर किया जा रहा है फोकस

लखनऊ। 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना के तहत प्रदेश सरकार क्षेत्रीय आवागमन संपर्क को सुदृढ़ करने के साथ ही अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी। इसका मकसद प्रदेश के शहरों, कस्बों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित तथा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। रीजनल कनेक्टिविटी को मिलेगी नई गति प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के माध्यम से शहरी

क्षेत्रों के बीच आवागमन को तेज और सुगम बनाने का व्यापक खाका तैयार कर रही है। इसके अंतर्गत प्रमुख शहरों तथा आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे प्रदेश में 1000 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में किस प्रकार व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए, इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस नेटवर्क के साकार होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क ● शेष पेज 11 पर

## यशवंत वर्मा प्रकरण पर सुप्रीम सख्ती

एजेंसी



- महाभियोग जांच के लिए गठित संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर शीर्ष अदालत ने केंद्र और अन्य पक्षों से जवाब मांगा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत गठित संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। इस समिति का गठन न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद शुरू की गई महाभियोग कार्यवाही के संबंध में उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए किया गया था।

इस मामले में न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, पेश हुए, जिन्होंने ''एक्स'' के नाम से गुमनाम रूप से याचिका दायर की है। यह पेशी न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ के समक्ष हुई।

समिति के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि हालांकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महाभियोग नोटिस पेश किए गए थे लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा अध्यक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना और कानून के अंतर्गत अनिवार्य संयुक्त परामर्श के बिना एकतरफा रूप से समिति गठन किया।

न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के प्रावधानों का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने कहा कि अगर संसद के दोनों सदनों में एक ही दिन किसी प्रस्ताव की सूचना दी जाती है तो वहां कोई समिति तब तक गठित नहीं की जा सकती जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न हो जाए। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में समिति का गठन लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 3(2) के प्रावधान का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने इस बात पर बल दिया कि वैधानिक भाषा अनिवार्य है और प्रस्ताव ''देने'' और ''स्वीकार करने'' के बीच स्पष्ट रूप से अंतर करती है। उन्होंने कहा कि यद्यपि अलग-अलग तिथियों पर स्वीकार हो सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में प्रस्ताव दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे इसलिए संयुक्त रूप से गठित समिति की आवश्यकता थी। श्री रोहतगी ने स्पष्ट किया कि जहां कोई प्रस्ताव केवल एक सदन में स्वीकार किया जाता है वहां समिति का गठन केवल उसी सदन द्वारा किया जा सकता है लेकिन वर्तमान मामले में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि दोनों सदनों का संवैधानिक दर्ज़ा समान है इसलिए जब प्रस्ताव एक साथ पेश किए गए हैं तो एक संयुक्त समिति अनिवार्य है। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि अगर दो प्रस्ताव एक ही दिन दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाते हैं तो एक ही दिन में स्वीकृति ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन डॉ. रामविलास वेदांती को श्रद्धासुमन अर्पित किए

## डॉ. रामविलास वेदांती का संपूर्ण जीवन रामकाज को समर्पित रहा : मुख्यमंत्री

एजेंसी



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या स्थित हिंदू धाम आश्रम पहुंचकर वशिष्ठ भवन के ब्रह्मलीन महंत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान के वरिष्ठ सदस्य तथा वशिष्ठ भवन, अयोध्या के महंत डॉ. रामविलास वेदांती भौतिक रूप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संपूर्ण जीवन अयोध्या धाम के विकास और रामलला के भव्य मंदिर निर्माण को समर्पित रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेदांती जी का पूरा जीवन ही रामकाज को समर्पित था। यह भी एक संयोग है कि प्रभु श्रीराम की पावन कथा का वाचन करते हुए उन्होंने नश्वर देह का त्यागकर साकेतवास किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वेदांती के योगदान को याद करते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रारंभिक दौर से लेकर उसके मूर्त रूप लेने और आंदोलन के सफल परिणाम को देखने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को श्रीरामजन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर पर धर्मध्वजा आरोहण के समारोह में भी वेदांती जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह उनके समर्पण और निरंतर सहभागिता का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 1983 में श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान के आरंभ से लेकर अब तक आयोजित प्रत्येक आंदोलन और कार्यक्रम में वेदांती जी की सक्रिय भूमिका रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वेदांती जी को याद करते हुए कहा कि आज भले ही वे भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके साकेतवासी होने पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके शिष्यों व आश्रमवासियों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए मैं अयोध्या आया हूं । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ से वेदांती जी का ● शेष पेज 11 पर

# एसआईआर की तिथि में हुई बढ़ोत्तरी का उठाएं लाभ : डॉ. नीरज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह ने पूर्व विधानसभा के इंदिरा नगर पारिजात पैलेस स्थित एसआईआर कार्यालय में विधानसभा अभियान संयोजक, सहसंयोजक, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं पार्षद गण के साथ बैठक कर के बढ़ी हुई तारीख तक शत प्रतिशत पात्र मतदाताओं के फार्म भरवाने पर विस्तृत चर्चा की। नीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किन्ही कारणों से छूट रहे मतदाताओं के फार्म भरवाने के लिए हम सबको युद्ध स्तर पर काम करना है। मतदाता बने रहने के लिए सभी के पास अभी पर्याप्त मौका है। 26 दिसंबर तक ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। मतदाता पुनरीक्षण अभियान संवैधानिक प्रक्रिया है लेकिन विपक्ष द्वारा निरंतर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची में जोड़ने से ना रहे और मृतक व घुसपैठियों के नाम सूची में ना रहे।ऐसे लोगों को भी चिन्हित करना है जो लोग ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और लखनऊ में रह रहे हैं लेकिन उन्होंने लखनऊ में मतदाता होते हुए भी अभी यहां फॉर्म नहीं जमा किया है।दूसरे स्तर पर हमें 18 वर्ष पूर्ण हो चुके नए मतदाताओं को जोड़ने पर विशेष जोर देना होगा। नए मतदाता के रूप में फॉर्म 6 भरवा करके हर वार्ड से इक्कीस सौ नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का लक्ष्य दिया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि संगठन की योजना के अनुसार 20 दिसंबर को विशेष अभियान के अंतर्गत संध्या फ़ेरी और 21 दिसंबर को प्रभात फ़ेरी करते हुए हर वार्ड में मतदाता के घर जाना है और संपर्क करके छूट रहे पात्र मतदाताओं के फार्म भरवा कर जमा करवाने हैं। बैठक में महानगर उपाध्यक्ष राकेश सिंह, सौरभ वाल्मीकि, सीता नेगी, के के जायसवाल, अभिषेक राय, नरेंद्र देवडी, रीना चौरसिया, कमल पांडे, सुमित खन्ना और पूजा जसवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दुबग्गा और सैरपुर में 8 अवैध प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने मंगलवार को दुबग्गा और सैरपुर इलाके में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान करीब 87 बीघा जमीन पर फैली 8 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-4 और जोन-7 की टीमों द्वारा की गई। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि दुबग्गा के जिल्हापुर मौरा क्षेत्र में दिलीप मिश्रा, बाबूलाल, सईद मुईनुद्दीन, दस्यु कुमार सहित अन्य लोगों द्वारा अलग-अलग चार स्थानों पर लगभग 82 बीघा क्षेत्र में बिना अनुमति प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। एलडीए से ले-आउट की मंजूरी लिए बिना किए जा रहे इस निर्माण को अभियान चलाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि सैरपुर के पश्चिम गांव में अमित सिंह, नीरू सिंह, पर्वत कुमार, उदयराज यादव, मेसर्स नीलकंठ प्रॉपर्टीज सहित अन्य लोगों द्वारा चार अलग-अलग स्थानों पर करीब 5 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे इस कार्य को भी कार्रवाई के दौरान हटा दिया गया।

## तेज रफ्तार कार का कहरः ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दुकान में जा घुसी कार

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां कस्बे में मंगलवार शाम तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे एक दुकान के बाहर खड़ी बाइक से टकराती हुई दुकान में जा घुसी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक रिंकू चौरसिया मीरख नगर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी मोहनलालगंज भेजा। कार में सवार मिर्ज़ापुर निवासी दीपक और एक महिला को हल्की चोटें आईं। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सुचारु करा दिया गया। घटना के कारणों की जांच जारी है।

## एनपीएल क्वार्टर फाइनल में रोमांच चरम पर, कैथी और नीलमथा सेमीफाइनल में पहुंची

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां स्थित एसएनटी ग्राउंड में चल रहे एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के मंगलवार को खेले गए दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। मौसम के चलते 14-14 ओवरों में खेले गए मैचों में कैथी टीम ने करोरा को 2 विकेट से हराकर, जबकि नीलमथा ने उतरावां को 2 विकेट से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मुकाबलों के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और अब जल्द ही सेमीफाइनल मैच कराए जाएंगे।

## करोरा गांव में युवक की दबंगई, घर पर ईंट-पत्थर फेंकने व धमकी देने का आरोप

**नगराम लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के करोरा गांव में एक युवक द्वारा दबंगई किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित सतीश कुमार ने आरोप लगाया कि गांव के ही राजू ने गाली-गलौज करते हुए घर पर ईंटें फेंकीं और जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर डायल 112 को बुलाया गया, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर नगराम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने जांच के बाद सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## लखनऊ-हरदोई सीमा पर बन रहे पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क को मिल रही रफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ-हरदोई सीमा पर विकसित किए जा रहे एक हजार एकड़ के पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क का निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समयबद्ध और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ पूरा कराने के लिए निरंतर निगरानी और समन्वय कर रही है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पीएम मित्र पार्क की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कार्य दो चरणों में संचालित है। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ से रायथा अंडरपास (बाहरी रिंग रोड) तक 8.40 किमी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें से 6.2 किमी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस चरण की कुल लागत 409.39 करोड़ रुपये है, जिसमें से 206.95 करोड़ रुपये की निधि का आवंटन किया जा चुका है।दूसरे चरण में रायथा अंडरपास से पीएम मित्र पार्क तक 14.28 किमी सड़क निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होने बताया कि पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में बाउंड्री वॉल का कार्य 73 प्रतिशत, ऑफिस स्पेस के नवीनीकरण का कार्य 55 प्रतिशत तथा गेट कॉम्प्लेक्स का कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं, पार्क के भीतर 132 केवी रिसीविंग सब-स्टेशन और 26 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के लिए एलओआई जारी कर दिया गया है। जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी योगी सरकार की ठोस पहल दिखाई दे रही है। एसटीपी दौलतगंज (8 8 एमएलडी) से पीएम मित्र पार्क के भीतर तृतीयक उपचार संयंत्र (टीटीपी) का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा गोमती नदी से 8.25 एमएलडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए 458.50 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि उपलब्ध कराई गई है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीएम मित्र पार्क परियोजना के बाउंड्री वॉल, गेट कॉम्प्लेक्स और ऑफिस बिल्डिंग के नवीनीकरण का कार्य 31 जनवरी 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए।

## स्थापना दिवस पर छात्र और शिक्षक सम्मानित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर में 63वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन की उपायुक्त सोना सेठ एवं विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र के डिजिटल इंडिया एवं कौशल विकास के सपने को साकार करने के लिये उपायुक्त ने एक नवाचार एवं कौशल केंद्र का लोकार्पण किया। इस केंद्र से विद्यालय के विद्यार्थी अब तकनीकी एवं कौशल की शिक्षा हासिल करेंगे। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया गया।

## भगवान श्री चन्द्रप्रभु व पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक पर निकली पालकी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पौष माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को चौक, शंकरी टोला स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में तीर्थंकर भगवान श्री 1008 चन्द्रप्रभु जी और श्री पार्श्वनाथ जी का जन्म व तप कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। सोमवार सुबह धार्मिक उल्लास के साथ श्रद्धालुओं ने श्रीजी की पालकी निकाली। पालकी यात्रा चौक सराफा, चौक चौराहा, चूड़ी वाली गली होते हुए जैन मंदिर पहुंची। जहां दोनों श्रीजी की प्रतिमा को पाण्डुशिला पर विराजमान कर स्वर्णकलश से केसर-चंदन के जल से अभिषेक किया गया। आत्म कल्याण के लिए मंत्रोच्चारण के साथ शांति धारा हुई। महिलाओं ने भजन गाए है और भगवान के बाल रूप को पालना झुलाया गया। इस अवसर पर अशोक जैन, अमित जैन, अमरीश जैन, सचिन जैन, अजय जैन, संजय जैन, निरंजन जैन, राजेश जैन, दिलीप जैन, अनुश्री, शारदा, अनीता, जय श्री, मोनी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र नोटिस–01

लखनऊ डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर एटीवीएम फैसिलिटेटर के आवेदन के संबंध में दिनांक 05.12.2025 को प्रकाशित नोटिस संख्या C/123-1-ATVM/25/SV के संदर्भ में। इस प्रकाशित नोटिस में, नियम एवं शर्तों के पैरा 02 बिंदु 5(बी) के अंतर्गत, बढ़ा शब्द के स्थान पर जब्त समझा जाए। पहले प्रकाशित सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्ति रहेंगी।

3891/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नगर निगम ने कई जोनों में अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शहर में बढ़ते अतिक्रमण, यातायात बाधा और आमजन की परेशानी को देखते हुए मंगलवार को नगर निगम द्वारा व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह कार्रवाई शहर के कई जोनों में एक साथ की गई। अभियान का उद्देश्य सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात को सुचारु बनाना रहा। जोनऽ3 क्षेत्र में कदम रसूल, लाला लाजपत राय और महानगर वार्ड में शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई। जोनऽ5 में आलमबाग चौराहे से सिंगार नगर, अवध चौराहे से कनौसी पुल तक और शाही मस्जिद के पास कानपुर रोड पर अवैध सब्जी मंडी और अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा गंदगी और पॉलीथीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। जोनऽ7 क्षेत्र में नालियों, सड़कों की पटरियों और सेक्टरऽ17 सब्जी मंडी के आसपास अतिक्रमण हटाया गया और साथ ही

कुकरैल बंधा रोड पर भी कार्रवाई की गई। जोनऽ8 में अहिमामऊ से अर्जुनगंज मरी माता मंदिर तक वृहद अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान कई फल-सब्जी ठेले और फास्ट फूड काउंटर हटाए गए और 20 से 25 झुग्गी-झोपड़ियों को हटाया गया। कोल्ड ड्रिंक स्टैंड, स्टैंडिंग बोर्ड, चारपाई, गद्दे, कैरेट, गैस सिलेंडर, कुर्सियां सहित अन्य सामान जब्त किया गया। नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

# क्लैट 2026 का परिणाम घोषित, 96.01 प्रतिशत रही उपस्थिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी

लखनऊ/नई दिल्ली/बेंगलुरु। देश के उच्च प्रतिष्ठित विधि शैक्षिक संस्थानों में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सम्पन्न हुई कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2026 का परिणाम कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज़ द्वारा मंगलवार को घोषित कर दिया गया। इस वर्ष परीक्षा की जिम्मेदारी कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज़ द्वारा लखनऊ डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को दी गई थी।

डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ शशांक शेखर के मुताबिक क्लैट 2026 परीक्षा का आयोजन 7 दिसंबर 2025 को देशभर के 25 राज्यों एवं 4 केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित 156 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित हुई, जबकि दिव्यांग अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय प्रदान किया गया।

कंसोर्टियम के अनुसार क्लैट 2026 में कुल उपस्थिति 96.01 प्रतिशत दर्ज की गई। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों में 57 प्रतिशत महिलाएँ, 43 प्रतिशत पुरुष तथा 9 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल रहे। परीक्षा के परिणामों को 14 और 15 दिसंबर को सत्यापित कर कंसोर्टियम की गवर्निंग बॉडी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे आज स्वीकृति प्रदान की गई।

डॉ शशांक शेखर के मुताबिक, क्लैट स्नातक 2026 परीक्षा में कुल 5 सेक्शन शामिल थे, जिनमें 120 प्रश्न पूछे गए। प्रोविजनल आंसर-की से एक प्रश्न हटाए जाने के कारण अभ्यर्थियों का मूल्यांकन 119 अंकों के आधार पर किया गया। यूजी परीक्षा में सर्वाधिक अंक 112.75 दर्ज किए गए। टॉप-100 अभ्यर्थियों के शहरवार वितरण में बेंगलुरु पहले स्थान पर रहा, जहाँ से 15 अभ्यर्थी शीर्ष 100 में शामिल हुए। इसके बाद नई दिल्ली से 8, मुंबई से 7, जबकि चेन्नई, हैदराबाद और जयपुर से 6-6 अभ्यर्थियों ने स्थान बनाया। लखनऊ, नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों से भी उल्लेखनीय संख्या में अभ्यर्थी टॉप-100 में शामिल रहे। वहीं क्लैट परास्नातक 2026 परीक्षा में एक ही सेक्शन के अंतर्गत 120 प्रश्न पूछे गए। एक प्रश्न हटाए जाने और तीन प्रश्नों की उत्तर कुंजी में संशोधन के बाद मूल्यांकन 119 अंकों के आधार पर किया गया। घ्क परीक्षा में सर्वाधिक अंक 104.25 रहे। पीजी के टॉप अभ्यर्थियों में नई दिल्ली से सर्वाधिक 22 उम्मीदवार शामिल हुए, जबकि जबलपुर, जयपुर, इंदौर, पटियाला और लखनऊ जैसे शहरों से भी कई अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की। कंसोर्टियम ने स्पष्ट किया है कि क्लैट 2026 के आधार पर देश की सभी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में प्रवेश शैक्षणिक सत्र 2026ऽ27 के लिए किया जाएगा। काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी अपना आधिकारिक स्कोरकार्ड कंसोर्टियम की वेबसाइट और निर्धारित मिरर साइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

# शताब्दी वर्ष समारोह केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं : प्रो. मांडवी सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि विवि का शताब्दी वर्ष समारोह केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की सौ वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक, सांस्कृतिक और शोधपरक यात्रा का उत्सव है।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय की भावी शैक्षणिक नीतियों, शोध गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नई दिशा और ऊर्ज़ा प्रदान करेगा। साथ ही यह समारोह युवा पीढ़ी को भारतीय संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने में भी अहम भूमिका निभाएगा। मंगलवार को भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में आगामी 18 से 20 दिसंबर तक आयोजित होने वाले शताब्दी वर्ष समारोह की तैयारियों का मंगलवार को प्रमुख सचिव (संस्कृति एवं पर्यटन) उत्तर प्रदेश सरकार अमृत अभिजात ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तावित मुख्य समारोह स्थल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के मंच, अतिथि स्वागत एवं आवास व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मीडिया समन्वय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन ऐतिहासिक परीखाने का भी निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने शताब्दी वर्ष समारोह को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर गरिमामय पहचान दिलाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी तैयारियां उच्च गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय के साथ पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक शैक्षणिक संस्थान का उत्सव नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने प्रमुख सचिव को शताब्दी वर्ष समारोह से जुड़ी अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा, गठित विभिन्न समितियों, विभागीय दायित्वों और आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान कुलसचिव ने आयोजन से जुड़े सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समारोह से संबंधित सभी कार्य आपसी समन्वय, अनुशासन और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आयोजन में किसी भी स्तर पर कोई कमी न रह जाए।

## दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव ओजस 25 का समापन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट लखनऊ ने जोश और उत्साह के बीच अपने प्रमुख सांस्कृतिक महोत्सव ओजस'25 का समापन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में एनर्जी से भरपूर परफोर्मेन्स, जीवंत प्रतियोगिताएं एवं कार्निवाल-स्टाइल के जश्न आयोजित किए गए। रंगताल-द इंडियन कार्निवाल थीम के तहत 15 और 16 दिसम्बर को आयोजित इस कार्यक्रम में जाने-माने संस्थानों के छात्र इकट्ठा हुए, जिन्होंने रचनात्मकता, संस्कृति एवं भाईचारे का जश्न मनाया। महोत्सव में मुख्य अतिथि अनिल रस्तोगी व अतिथि डॉ कुमकुम धर रहीं।

## तहसील भवन एवं उप निबंधक कार्यालय यथावत रखा जाएः मोहनलालगंज बार एसोसिएशन

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज तहसील और रजिस्ट्रार कार्यालय को दूसरी जगह पर स्थापित किए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी है, इसको लेकर मोहनलालगंज बार एसोसिएशन ने मंगलवार को बार भवन में बैठक कर मोहनलालगंज तहसील कार्यालय एवं निबंधन कार्यालय को मोहनलालगंज मुख्यालय से हटकर अन्यत्र दूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित किए जाने का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रमुख सचिव स्टांप को पत्र लिखकर मोहनलालगंज तहसील भवन को यथावत रखे जाने की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि हाल ही में उपनिबंधक कार्यालय का विस्तार किया गया है।, तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय को दूसरी जगह पर स्थापित किए जाने से अधिवक्ता और जमीन की रजिस्ट्री व बैनामा कराने के लिए आने जाने वाले किसानों समेत अन्य फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बार एसोसिएशन के महामंत्री राम लखन ने बताया कि तहसील व उपनिबंधक कार्यालय को अन्यत्र स्थापित किए जाने से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है अगर प्रशासन ने हमारी बात नहीं सुनी तो सभी अधिवक्ता तहसील भवन एवं उप निबंधक कार्यालय अन्यत्र स्थापित किए जाने का पुरजोर विरोध करेंगे। वही वकीलों ने मांग है रखी है कि दूर ग्रामीण अंचल में तहसील का निर्माण न किया जाए। मोहनलालगंज बार एसोसिएशन ने प्रमुख सचिव स्टाम्प को पत्र में लिखा कि यदि उपनिबंधक कार्यालय को किसी दूसरे स्थान पर स्थापित करना अति आवश्यक हो तो तहसील को कस्बे के नजदीक मोहनलालगंज नगर पंचायत की मऊ, अतरौली, डेहवा में स्थित खाली सरकारी जमीन पर किया जाए।

## गोसाईगंज ब्लॉक में संपन्न हुई क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के गोसाईगंज विकासखंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता की ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल ने। बैठक का संचालन किया एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ल ने। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह के साथ ही एडीओ समाज कल्याण रिद्धिम द्विवेदी, जेई आरईडी अभय नारायण सिंह, जेई एमआई आरके प्रकाश, वन विभाग के अधिकारी रईस व दीपक गुप्ता सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख विनय वाला डिंपल ने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही साथ उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों से उनके क्षेत्र को लेकर विकास कार्य संबंधी प्रस्ताव आमंत्रित किए। खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह ने भी अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से सभी को जानकारी दी और कहा कि वे जनता की सुनवाई के लिए प्रतिदिन कार्यालय में उपलब्ध रहते हैं। बैठक में अधिकतर क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। आए हुए सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

## कम्बल वितरण का महाअभियान शुरू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा मंगलवार को ऐशबाग में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के तहत ट्रस्ट आज से कंबल वितरण का महाअभियान शुरू कर रहा है। जिसमें ट्रस्ट इस बार जरूरतमंद महिलाओं में कम्बल का वितरण करेगा। वहीं उन्होंने कहा कि ट्रस्ट कई हॉस्पिटलों में स्ट्रेचर और व्हील चेयर भी देने जा रहा है। राजीव मिश्रा के मुताबिक ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों में बड़ी संख्या में कम्बलों का वितरण करता रहा है। उनका कहना है कि कोई गरीब असहाय शीत लहर की ठंड से परेशान न हो इसका वीणा ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने उठाया है। साथ ही दिव्यांगों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं दिव्यांग उपकरण का वितरण भी किया जाएगा।

थाना अलीगंज क्षेत्र मे युवक द्वारा किया गया आत्मदाह का प्रयास...

लखनऊ ।नावेल्टी सिनेमा हाल के सामने उस वक़्त अफरा तफरी मच गई जब वहीं स्थित एक दुकान पर कार्यरत कर्मचारी ने खुद पर ज्वालांशील पदार्थ डाल कर आत्मदाह का प्रयास किया ।बताया जा रहा है कि युवक कृष्णपाल पुत्र राजेश उम्र 20 वर्ष जो शेखपुरा कपूरथला थाना अलीगंज का निवासी है उसके द्वारा सुबह दुकान के सामने आत्मदाह का प्रयास किया गया जिसे पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से बचा लिया गया पीड़ित को तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया हालाँकि इस प्रयास से वो आठ से दस प्रतिशत झुलस गया है लेकिन उसकी जान को कोई खतरा नही है पूछताछ मे बताय गया कि उसके घर मे माता पिता की आएदिन की कलह से वो काफी परेशान था। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है साथ ही वैधानिक कार्यवाई भी कर दी गई है।

## 50 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, साथी फरार

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र में पुलिस और एंटी नारकोटिक्स की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। निगोहां-नगराम मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक कार से करीब 49.050 किलो अवैध गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिकेत मौर्या उर्फ अतुल मौर्या (22 वर्ष) निवासी रायबरेली के रूप में हुई है। बरामद गांजे की बाजार कीमत करीब 7 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त हुंडई ऑरा कार और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने गांजा रायबरेली से लाकर लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है, जबकि फरार साथी की तलाश जारी है।

# घने कोहरे के बीच डीएम ने सीएचसी सांडा का किया औचक निरीक्षण

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकरन में मंगलवार अचानक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी राजा गणपति आर, स्वास्थ्य कर्मियों में मची खलबली**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा का औचक निरीक्षण किया उन्होंने अस्पताल में 45 मिनट तक जांच की इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी बेचैन दिखे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकरन में मंगलवार को जिलाधिकारी राजा गणपति आर सुबह दस बजे अचानक पहुंच गए उन्होंने सीएचसी का 45 मिनट तक बारीकी से निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने लेबर रूम, एक्स- रे, वाररूम, दवा वितरण, नेत्र कक्ष स्टॉक रजिस्टर आदि का गहनता से निरीक्षण किया उसके बाद प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया, एक्सरे का निरीक्षण करते समय कहा कि यह तो केवल चेस्ट एक्स-रे है सभी प्रकार के एक्सरे करने के लिए मशीन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया फिर औषधि वितरण केंद्र का निरीक्षण के साथ दवाओं का स्टॉक भी देखा जो कि संतोष जनक पाया गया नेत्र कक्ष का भी अवलोकन किया टीबी वार्ड भी निरीक्षण किया यह निरीक्षण करीब 45 मिनट चला।सांड स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक आनंद मित्र मौके पर मौजूद नहीं थे डॉक्टर सुनील यादव डॉक्टर रवि अवस्थी बीएसए अखिलेश सिंह, जयंत तिवारी, अंकित आदि मौजूद रहे यहां से निकल कर डीएम प्राथमिक विद्यालय टेडवा कला पहुंचे वहां कक्षा कक्ष रसोई का निरीक्षण किया जहां पर पुनीत द्विवेदी, अभिनव श्रीवास्तव, चंद्र किरण तिवारी, रिहाना, सलीम अंसारी मौजूद रहे मीडिया ने जब बाइट के लिए बात कही तो मुस्कुराते हुए कहा कि रूटीन निरीक्षण चल रहा है।घने कोहरे के बावजूद भी सुबह 10:03 बजे जिला मुख्यालय से दूरस्थ सांडा जैसे गांव में जिलाधिकारी की उपस्थिति से हर कोई हतप्रभ दिखा।

# गरीबों के हक पर डाका: प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक की मिलीभगत से मनरेगा में बड़ा खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गौशाला, हैंडपंप, फॉगिंग—सब कागजों में, राजेपारा में विकास नहीं, घोटाले हुएधरातल पर काम शून्य, भुगतान पूरा राजेपारा पंचायत में फर्जीवाड़े की पराकाष्ठा**

मछरेहटा, सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राजेपारा में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि सरकारी योजनाएं लूट का जरिया बनती जा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में कराए गए मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया। गांगपुर तालाब की खुदाई के नाम पर मजदूरों की हाजिरी दिखाई गई, जिसमें महिलाओं के नाम भी दर्ज हैं, जबकि पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों में एक भी महिला मजदूर नजर नहीं आती।

ग्रामीणों का कहना है कि ऑनलाइन सिस्टम का दुरुपयोग कर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से गरीब मजदूरों के हक पर डाका डाला जा रहा है। कागजों में कार्य पूरे दिखाकर भुगतान करा लिया गया, जबकि हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।आरोप यहीं तक सीमित नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार गौशाला में बीमार पशुओं के लिए वार्ड निर्माण, तिरपाल खरीद, हैंडपंप मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, फॉगिंग मशीन रिपेयरिंग व फॉगिंग कार्यों के नाम पर जमकर भुगतान किया गया। इन कार्यों में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। सूत्रों की मानें तो कुछ भुगतान ऐसी फर्मों के नाम पर किए गए हैं, जो धरातल पर अस्तित्व में ही नहीं हैं। इससे सरकारी धन के गबन की आशंका और भी गहरा जाती है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी, या फिर भ्रष्टाचार की इस खुली लूट को ऐसे ही संरक्षण मिलता रहेगा।

## महमूदाबाद स्थित सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल की रिकवरी में सुधार हेतु कराया जायेगा तकनीकी परीक्षण: जिलाधिकारी

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की पहल पर महमूदाबाद स्थित सहकारी चीनी मिल की रिकवरी में सुधार हेतु राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर की टीम द्वारा मिल का तकनीकी परीक्षण कराया जाये जायेगा, जिससे चीनी मिल से सम्बद्ध लगभग 30 हजार से अधिक गन्ना किसान सीधे लाभान्वित होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद सीतापुर में 05 चीनी मिलें हरगाँव, बिसवाँ, रामगढ़, जवाहरपुर (निजी क्षेत्र) तथा महमूदाबाद (सहकारी) क्षेत्र की संचालित हैं। उक्त निजी क्षेत्र की चीनी मिलों द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 11.50 से 12 प्रतिशत औसत चीनी रिकवरी प्राप्त करते हुए अपनी क्षमता के अनुसार गन्ना पेराई का कार्य करती हैं तथा निजी क्षेत्र की चीनी मिलों में पेराई सत्र के दौरान तकनीकी कारणों से पेराई कार्य न्यूनतम प्रभावित होता है। इसके विपरीत दि0 किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 महमूदाबाद जो वर्ष 1984 से संचालित है अधिकतम 9.30-9.50 प्रतिशत चीनी रिकवरी प्राप्त करते हुए पेराई कार्य करती है।

# साहित्य सृजन संस्थान बिसवां के सृजन महोत्सव 2025 में आयोजित हुआ राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। 'साहित्य समाज का दर्पण होने के साथ-साथ हमारे व्यक्तित्व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाता है कवि सम्मेलन हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करते हैं'' यह बात साहित्य सृजन संस्थान बिसवाँ सीतापुर द्वारा हरगोविंद वर्मा सभागार, बिसवाँ में आयोजित वार्षिक समारोह ''सृजन महोत्सव 2025'' के तृतीय सत्र में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अभिषेक जी (विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीतापुर) ने अपने सम्बोधन में कही।

अध्यक्षीय संबोधन में पूर्व एमएलसी, सीतापुर हरीश बाजपेई ने कहा कि कविता जन समस्याओं को रेखांकित करते हुए जब जन सरोकारों से सीधा संवाद स्थापित करती है तो सामाजिक चेतना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सम्मानित अतिथि के रूप में सहकारी जूट एवं कृषि विकास संघ के अध्यक्ष चंद्र कुमार मिश्र बापू, जिला प्रचारक - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बिसवां, सुरेंद्र जी, गन्ना समिति के अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती रेनू मेहरोत्रा, मुख्य अधिशाषी, दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री, आर सी सिंघल और सोशल एक्टिविस्ट, सशक्त कलमकार मीरा सिंघल और साहित्य सृजन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप मिश्रा सरस मंच पर उपस्थित रहे।समारोह का सम्मोहक संचालन सिधौली के युवा कवि लवकुश शुक्ल ने किया। सुकवि अपूर्व त्रिवेदी की वाणी वंदना से कार्यक्रम का शोभित शुभारंभ हुआ।वीर रस के देश के ओजस्वी कवि रजनीश मिश्र ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर केंद्रित काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने पढ़ा राम की पावन अयोध्या भाग्य पर इतरा रही हैविश्व की चारो दिशाओं में छटा छितरा रही है पूर्ण जन मानस प्रफुल्लित हो गया होगा निरख करजय सनातन धर्म की धर्मध्वजा लहरा रही हैसशक्त रचनाकार, दैनिक जागरण सीतापुर के ब्यूरो चीफ जगदीप शुक्ल अंचल नेकवि सम्मेलन को अपनी प्रभावी और रचनाओं से समृद्ध बनाया। उन्होंने प्रगति पथ का भी सुनिश्चित एक क्रम हो।

## हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

शाहजहांपुर। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया।बीती शाम थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला चमकानी गाड़ीपुरा निवासी उमेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो शाम करीब पांच बजे अपने भाई रितिक के साथ मोमोज के ठेले पर खड़ा था और मोमोज खा रहा था। इसी दौरान मोहल्ला रेती के रहने वाले हर्षित वर्मा और हर्षित अवस्थी आए और उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तमंचे से फायर किया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। तहरीर में कहा गया कि इससे पहले सावन माह में जुलूस के दौरान उक्त दोनों लोगों से कहा सुनी हो गई थी। जिसमें संभ्रांत लोगों ने समझौता कर दिया था। बताया कि इसी रंजिश के चलते उक्त लोगों ने गाली-गलौज व जान से मारने की नियत से फायर किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी हर्षित वर्मा और हर्षित अवस्थी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की।

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग बेहतर बनाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों एवं रुपए पांच करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर प्रदर्शन बनाए रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में बिजली विभाग द्वारा 80 नेट मीटर इंस्टॉलेशन, 182 सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण पेंडिंग होने पर एक माह से अधिक लंबित आवेदनों पर एसडीओ, जेई आदि का स्पष्टीकरण लेने, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना अंतर्गत ड्रॉप मोर क्राप योजना में प्रत्येक ब्लॉक में 50-50 लोगों को अगले तीन माह में लाभ दिलाने, ब्लॉकवार शिविरों का आयोजन कर पात्र लाभार्थियों को पेंशन आदि का लाभ दिलाने, अंडा उत्पादन बढ़ाने आदि के निर्देश दिए। कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग दर्शाने वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण किए जाएं। जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम का औचक निरीक्षण, कहीं फटकार तो कहीं प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को विकास क्षेत्र नकहा के परिषदीय विद्यालयों में उस समय हड़कंप मच गया, जब जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल अचानक औचक निरीक्षण पर पहुंच गईं। डीएम ने यूपीएस धोबहा, यूपीएस अमृतागंज, पीएस अमृतापुर और पीएस अमृतागंज में पठन-पाठन, परीक्षा व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई और अनुशासन की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी और डीपीओ भारत प्रसाद भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान यूपीएस धोबहा में गणित की अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। डीएम ने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं पलटकर शैक्षिक स्तर का आकलन किया और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी परखी। हालांकि विद्यालय परिसर में फर्श पर गंदगी, लंबे समय से न लगी झाड़ू और टूटी हुई टोटियां देखकर डीएम नाराज हो गईं। इस लापरवाही पर प्रधानाध्यापिका सुमनलता को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।इसके बाद डीएम यूपीएस अमृतागंज पहुंचीं, जहां कला विषय की परीक्षा चल रही थी। बच्चे प्लेन पेपर पर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। विद्यालय में 209 नामांकन के सापेक्ष 195 बच्चों की उपस्थिति और बच्चों का बेहतर अधिगम स्तर देखकर डीएम संतुष्ट नजर आईं। एकमात्र शिक्षक संतोष कुमार वर्मा द्वारा पूरी विद्यालय व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किए जाने पर डीएम ने बीएसए को प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश दिए।दाल में पोषण, पढ़ाई में कसावट का संदेशपीएस अमृतापुर में डीएम ने मध्यान्ह भोजन की दाल की गुणवत्ता जांची और पोषण बढ़ाने के उद्देश्य से उसमें बथुआ डालने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बच्चों की पढ़ाई की स्थिति भी परखी।पीएस अमृतागंज में बच्चे भोजन करते मिले। डीएम ने बच्चों से आत्मीयता से बात की, भोजन वितरण की जानकारी ली और गणित की कॉपियां देखकर अधिगम स्तर जांचा। डीएम ने छात्र रवि को बुलाकर जोड़-घटाना, गुणा और भाग के सवाल पूछे।निरीक्षण के अंत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि जिन बच्चों का अधिगम स्तर कमजोर है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ वातावरण और बेहतर पोषण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 111 गुमशुदा मोबाइल बरामद,मोबाइल पाकर लोगों ने पुलिस को दिया धन्यवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सर्विलांस सेल और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने 111 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मंगलवार को एसपी ने पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित कर बरामद मोबाइलों को उनके मालिकों को सुपुर्द किया। अपने खोये हुए मोबाइल पाकर लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की और भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस को धन्यवाद दिया।

एसपी ने बताया कि बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपए है।इस दौरान एसपी ने कहा कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने लोगों की सुविधा के लिए सीईआईआर पोर्टल शुरू किया है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक या अनब्लॉक कर सकता है। कहा कि मोबाइल गुम होने के बाद साइबर अपराध की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए संबंधित सिम को तुरंत बंद कराकर दोबारा री-इश्यू कराएं, जिससे किसी भी प्रकार के दुरुपयोग की संभावना समाप्त हो जाए। मोबाइल खरीदते समय उसका आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखें। मोबाइल गुम व चोरी होने पर तुरंत निकटतम थाना या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। किसी भी अनजान व्यक्ति या लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी या बैंकिंग डिटेल साझा न करें। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी एसआई मनोज कुमार के साथ सर्विलांस सेल कां. प्रभात, मुकुल खोखर, सचिन कुमार, दीपक कुमार, आकाश बाना आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में बिसवां के ग्राम सचिवों का प्रदर्शन, डोंगल जमा कर जताया आक्रोश

विसवां। विकासखंड बिसवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने सोमवार को प्रदेशव्यापी ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था के विरोध में एकजुट होकर डोंगल जमा कर दिए। दोपहर में सभी सचिवों ने एडीओ पंचायत राजेश श्रीवास्तव को अपने-अपने डोंगल सौंपे और काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष करुणेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली में कई व्यावहारिक दिक्कतें हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या बनी रहती है और एक सचिव के पास कई ग्राम पंचायतों का दायित्व होने से समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर पाना संभव नहीं हो पाता, जिससे अनावश्यक मानसिक दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से अधिक कार्यभार के बीच तकनीकी बाधाओं से काम प्रभावित हो रहा है।सचिवों ने मांग की कि ऑनलाइन हाजिरी लागू करने से पहले ग्रामीण भौगोलिक परिस्थितियों, नेटवर्क उपलब्धता और पंचायतों की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखा जाए।

## निर्माणाधीन हनुमान मंदिर की दीवार तोड़फोड, 6 लोगों पर केस दर्ज

ततरोई। नैमिषारण्य औरंगाबाद के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के रामशाला गांव मे निर्माणाधीन हनुमान मंदिर की दीवार तोडने का ममला समाने आया है ग्रामीणो पर शराब पीकर तोडफोड करने का आरोप है पुलिस ने इस ममले मे 6 लोगो के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है यह मन्दिर ग्राम समाज की जमीन पर पिछले दो वर्ष से बन रहा था ग्रामीण दुलारे द्वारा इस मन्दिर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है पीड़ित के अनुसार रविवार शाम को गांव के कुछ लोगो ने शराब के नशे निर्माणाधीन मन्दिर की दीवार तोड दी आरोप है कि वे अपशब्द कहते हुए मौकेसे फरार हो गए पीड़ित ने तत्काल नैमिषारण्य पुलिस को सूचना दी थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने बताया की सूचना मिली और 6 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की गहन जांच कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## यूरिया वितरण में मनमानी, प्रशासनिक आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां

मिश्रिख। जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित आदेशों के बावजूद मिश्रिख किसान सेवा समिति में यूरिया वितरण में खुली मनमानी सामने आ रही है। शासन द्वारा यूरिया की अधिकृत बिक्री दर 266.50 रुपये प्रति बोरी निर्धारित की गई है, लेकिन किसानों को 270 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से यूरिया दिया जा रहा है।समिति परिसर में दर सूची का बोर्ड 266.50 रुपये दर्शाता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। मौके पर मौजूद एक किसान का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें किसान ने स्पष्ट रूप से बताया कि उससे 270 रुपये प्रति बोरी वसूले गए हैं। यह सीधे तौर पर किसानों के साथ धोखाधड़ी और प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना को दर्शाता है।यूरिया लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान सुबह से ही लाइन में खड़े होने को मजबूर हैं। कई किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनमें भारी नाराजगी देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि न केवल उन्हें महंगा यूरिया दिया जा रहा है, बल्कि वितरण व्यवस्था भी पूरी तरह अव्यवस्थित है।किसानों ने आरोप लगाया कि जनपद में आए दिन जिलाधिकारी द्वारा नए-नए आदेश जारी किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर न तो उनका पालन हो रहा है और न ही संबंधित अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई कर रहे हैं। अधिकारियों की उदासीनता और समिति की मनमानी के कारण किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।यदि इसी तरह नियमों की अनदेखी होती रही, तो आने वाले दिनों में किसानों की समस्याएं और अधिक बढ़ सकती हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मिश्रिख किसान सेवा समिति की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें तय दर पर समय से खाद उपलब्ध हो सके।

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला स्कूल प्रबंधक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी स्कूल प्रबंधक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।दरअसल, थाना रोजा क्षेत्र की रहने वाली किशोरी गांव में ही एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ती है। बीती 13 दिसम्बर को वह रोजाना की तरह स्कूल में पढ़ने गई थी। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक ने उसे सहेली के साथ अपने कार्यालय में बुलाया और गेट व खिड़की बंद करके उसके साथ अश्लील हरकतें की। छात्रा ने घर आकर परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद छात्रा अपने पिता के साथ रोजा थाने पहुंची और प्रबंधक के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी प्रबंधक मुकेश प्रजापति के खिलाफ छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। आज थाना रोजा की मिशन शक्ति टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मुकेश प्रजापति को पिलखना गांव के बाहर गहरा गांव की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

# शीतलहर में एडीएम का फील्ड एक्शन अलाव, रैन बसेरों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को शहर लखीमपुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर शीतकालीन राहत व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। एडीएम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और जिला महिला अस्पताल परिसर में जल रहे अलावों तथा स्थापित रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी।निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अलावों में ईंधन की उपलब्धता, उनके नियमित संचालन और सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि ठंड के इस दौर में किसी भी स्थिति में अलाव बुझने न पाएं और जरूरत के अनुसार ईंधन की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।रैन बसेरों की स्थिति का जायजा लेते हुए एडीएम ने साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, पेयजल, शौचालय और ठहरने की व्यवस्थाओं को हर समय दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात के समय विशेष निगरानी रखी जाए और संबंधित टीमें लगातार फील्ड में रहकर अलाव व रैन बसेरों की नियमित मॉनिटरिंग करें।निरीक्षण के दौरान एडीएम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अस्पताल परिसर में मौजूद जरूरतमंद, निराश्रित और बेसहारा लोगों से संवाद किया और उन्हें कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ नजर आई।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने स्पष्ट कहा कि शीतलहर के दौरान जनमानस को राहत पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एसडीएम मधुसूदन गुप्ता के निर्देश पर मितौली में अलाव की व्यवस्था शुरू

**एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने नगर पंचायत एवं संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ठंड के पूरे मौसम में अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से जारी रखी जाए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मितौली तहसील क्षेत्र में लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। आमजन, खासकर गरीब, असहाय, बुजुर्ग और राहगीरों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से राहत अभियान शुरू कराया है।

इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, अस्पताल के आसपास और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था कराई गई है। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने नगर पंचायत एवं संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ठंड के पूरे मौसम में अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से जारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर सुबह और रात के समय लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, वहां अलाव जलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि अलाव के लिए प्रयुक्त लकड़ी और ईंधन की उपलब्धता समय से सुनिश्चित की जाए।प्रशासन द्वारा किए गए इस प्रयास का उद्देश्य ठंड से होने वाली बीमारियों और असुविधाओं से लोगों को बचाना है। खासकर दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक, ठेला-फ़ेरी लगाने वाले और सड़क किनारे रहने वाले लोगों को इससे काफी राहत मिल रही है। अलाव जलने से सर्द रातों और सुबह के समय लोगों को ठंड से बचाव मिल रहा है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में अलाव जलाए जाने से आमजन को बड़ी राहत मिली है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि ठंड के पूरे दौर में इसी तरह राहत कार्य लगातार जारी रहेंगे।प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अत्यधिक ठंड के दौरान सावधानी बरतें, बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी जरूरत या समस्या की स्थिति में तहसील प्रशासन को सूचना दें।

# कोहरे के साथ सर्दी के सितम से कांपे लोग

**डीएम अवनीश राय के निर्देश पर बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों का समय बदल दिया है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कोहरे के साथ सर्दी का सितम भी बढ़ गया है। सोमवार की तरह मंगलवार सुबह भी घना कोहरा छा गया। सर्दी और कोहरे को देखते हुए डीएम के निर्देश पर कक्षा आठ तक के स्कूलों का समय बदल दिया गया है।

बदायूं जिले में पिछले दो दिन से तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। कोहरे का प्रकोप भी बढ़ रहा है। ऐसे में बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएम अवनीश राय के निर्देश पर बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों का समय बदल दिया है। बीएसए ने बताया कि अगले आदेश तक कक्षा आठ तक के परिषद, माध्यमिक, सहायता प्राप्त समेत सभी बोर्ड के स्कूल सुबह दस से शाम तीन बजे तक खुलेंगे। यह आदेश मंगलवार से लागू रहेगा। सड़कों पर छाया कोहरा, दो मीटर रह गई दृश्यता जनपद में बुधवार सुबह घने कोहरे की चादर छा जाने से जनजीवन प्रभावित हो गया। तड़के से ही कोहरा इतना घना रहा कि सड़कों पर दृश्यता (विजिबिलिटी) लगभग शून्य हो गई। हालात यह रहे कि वाहन चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर चलना पड़ा। दोपहर बाद हल्की धूप निकली तो लोगों को राहत मिली।

दिन ढलते ही कोहरे ने फिर प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया। कमोवेश मंगलवार को भी यही हाल है। तड़के से ही घना कोहरा छा गया।हाईवे से लेकर शहर की मुख्य और अंदरूनी सड़कों तक कोहरे का असर साफ दिखाई दिया। घने कोहरे के कारण दोपहिया और चार पहिया वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। वाहन चालकों दो मीटर के आगे का बिल्कुल भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे उन्हें बेहद धीमी गति से वाहन चलाना पड़ा। खासकर सुबह कार्यालय जाने वाले लोग और किसान परेशान नजर आए। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। इस तरह का मौसम बने रहने का अनुमान मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक जिले में घने कोहरे और ठंड का प्रकोप बना रह सकता है। सुबह और देर शाम को कोहरा अधिक घना रहने की आशंका रहेगी। इससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो सकता है। सर्द हवा चलने से तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से ठंड में अभी राहत मिलने की संभावना कम है। वहीं, यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे में वाहन चलाते समय हेडलाइट और फॉग लाइट का प्रयोग करें तथा धीमी गति से चलें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और गर्म कपड़ों का उपयोग जरूर करें। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है, ताकि ठंड और कोहरे से होने वाली परेशानियों से बचा जा सके।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत रामप्यारी आर्य कन्या इण्टर कॉलेज चंदौसी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी श्री विभांशु सुधीर के निर्देशन में दिन सोमवार को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत रामप्यारी आर्य कन्या इण्टर कॉलेज चंदौसी, जनपद संभल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान उपस्थित बालिकाओं को विधिक जागरूकता संबंधी विभिन्न जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान निशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस विधिक जागरूकता शिविर में बालिकाओं के अधिकारों, आर्थिक व सामाजिक विकास और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं कानूनी जागरुकता को बढ़ावा देना था। शिविर में कॉलेज की बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।उक्त कार्यक्रम के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से लिपिक श्री अमित कुमार सैनी तथा गोफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल श्री संजीव कुमार, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल श्री चंद्रपाल सिंह, लिपिक एलएडीसीएस श्री धर्मेन्द्र सिंह, श्री असलम व पीएलवी श्री अंशुल, श्री रमाकान्त शर्मा, श्री मनीष कुमार व अध्यपिका श्रीमती कीर्ती कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्र की मौत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। एसआईआर कार्य के दबाव में बीएलओ के रूप में तैनात शिक्षामित्र रत्नेश कुमार यादव की हार्ट अटैक से हुई मृत्यु का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय बिसौली विधानसभा के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मोहकमपुर पहुंचे और दिवंगत शिक्षामित्र के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शोका कुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) वीरेंद्र सिंह से फोन पर वार्ता कर परिजनों को हरसंभव सहायता दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि परिजनों के अनुसार शिक्षामित्र रत्नेश यादव पर एस आईआर कार्य को लेकर अत्यधिक दबाव था तथा अधिकारियों द्वारा उन्हें रात-रात भर तहसील बुलाया जाता था। लगातार मानसिक तनाव के चलते उनकी तबीयत बिगड़ी और अंततः हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। अजय राय ने बीएसए द्वारा अपने स्टाफ के निधन की जानकारी न होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रशासनिक संवेदनहीनता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षामित्र को बीएलओ के रूप में तैनात किया गया, लेकिन संबंधित अधिकारियों को उनके निधन की जानकारी तक नहीं होना बेहद गंभीर विषय है। प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की कि बीएलओ पर अनावश्यक दबाव बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होंने सरकार पर जल्दबाजी में निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी बी एल ओ के साथ मजबूती से खड़ी है। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि जनता का कार्य करते हुए जान गंवाने वाले बीएलओ के परिजनों को सरकारी नौकरी के साथ एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह को निर्देश दिए कि प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी मिलने तक दिवंगत रत्नेश यादव के परिजनों के साथ खड़े रहें। ओमकार सिंह ने भरोसा दिलाया कि न्याय न मिलने की स्थिति में कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।शोक सभा के उपरांत ओमकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बदायूं जनपद की सीमा कछला तक विदा किया।

# छापा मारकर 9 क्विंटल से अधिक चना किया सीज

**विशेष अभियान के तहत जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक साथ कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को व्यापक अभियान चलाया। भुने हुए चने को अप्राकृतिक रंग से चमकदार बनाने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई।

विशेष अभियान के तहत जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक साथ कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। उझानी क्षेत्र में टीम ने दुकानों, गोदामों और थोक विक्रेताओं पर छापा मारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की गहन पड़ताल की। इस दौरान भुना हुआ चना के कुल दो नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए गए, जबकि मौके पर ही 13 अन्य खाद्य पदार्थों की प्रारंभिक जांच की गई। जांच के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा टीम ने दुकानदारों और आम नागरिकों को मिलावट से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक भी किया।उझानी के घनघोरा मोहल्ला स्थित रजा ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान पर की गई जांच में भुना हुआ चना संदिग्ध पाया गया, जिस पर विभागीय टीम ने तुरंत नमूना संग्रहीत किया। इसके साथ ही मौके पर मौजूद लगभग 449 किलोग्राम भुना हुआ चना, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 35 हजार 920 रुपये आंकी गई, को नियमानुसार सीज कर दिया गया। इसी क्रम में सरौरा, उझानी स्थित आला हजरत ट्रेडर्स पर की गई कार्रवाई में भी भुना हुआ चना का नमूना लिया गया और शेष लगभग 509 किलोग्राम चना, अनुमानित मूल्य करीब 40 हजार 720 रुपये, को सीज किया गया।

इस तरह कुल मिलाकर 9 क्विंटल से अधिक भुना हुआ चना विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार संग्रहीत दोनों नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त सीएल यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि सभी खाद्य पदार्थ ढककर रखें, प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखें, केवल शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री ही बिक्री करें तथा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार न चलाएं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सीधी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। वहीं मौके पर मौजूद आमजन को भी अपमिश्रण से होने वाली बीमारियों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.पी. सिंह के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी माता शंकर बिंद, करण सिंह एवं प्रमोद कुमार की टीम मौजूद रही।

## स्कूलों का समय बदला, सुबह दस बजे से खुलेंगे

बदायूं। जिले में पिछले दो दिन से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएम अवनीश राय के निर्देश पर बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों का समय बदल दिया है। बीएसए ने बताया कि अगले आदेश तक कक्षा आठ तक के परिषद, माध्यमिक, सहायता प्राप्त समेत सभी बोर्ड के स्कूल सुबह दस से शाम तीन बजे तक खुलेंगे। यह आदेश मंगलवार से लागू रहेगा।।

## कल होगा पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह

बदायूँ। पत्रकार वार्ता में ले0 कर्नल अ0प्रा0 व जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि जनपद में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर 2025 दिन शुकवार को प्रातः 11.00 बजे से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बदायूँ में किया जा रहा है उन्होंने बताया कि समारोह में ईसीएचएस योजनाओं की जानकारी, स्पर्श की सुविधा, स्वतः रोजगार से सम्बन्धित जानकारी, विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, बैंक ऋण की जानकारी एवं वीर नारियों व विजेता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों का सम्मान हेतु कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर जनपद के सभी पूर्व सैनिक व पत्नियां एवं उनके आश्रित अधिक से अधिक इस कार्यक्रम में बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ उपस्थित होंगे।

## महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी जन सुनवाई

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा महिलाओं को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद बदायूँ में जन सुनवाई एवं जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर 2025 को महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह की अध्यक्षता में पूर्वान्ह 11:00 बजे से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जन सुनवाई तथा अपरान्ह 01:00 बजे से ब्लॉक जगत परिसर में जागरूकता चौपाल आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही योजनाओं से संबंधित साहित्य उपलब्ध कराते हुए पात्र लाभार्थियों का यथासंभव पंजीकरण भी कराया जाएगा। जागरूकता चौपाल के दौरान निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान भारत कार्ड, कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाने की प्रक्रिया के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जन सुनवाई एवं जागरूकता चौपाल के सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## लाठी-डंडों से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

बदायूँ। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला पठानटोला में सोमवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता सुबहाना पत्नी राशिद निवासी मोहल्ला पठानटोला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी अमन पुत्र नफीस अहमद ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मामला हिंसक हो गया। गालियों की आवाज सुनकर सुबहाना का जिठौत अयान पुत्र शाहिद बाहर आया और विरोध किया, जिस पर अमन डंडा लेकर झगड़े पर आमादा हो गया। जान बचाने के लिए सुबहाना और अयान घर के अंदर चले गए, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद अमन अपने परिजनों–बहन सोनी, मां सायरा और पिता नफीस अहमद–के साथ लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आया।चारों ने मिलकर अयान को घेर लिया और बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और शरीर पर कई जगह गहरे जख्म हो गए। बचाव करने पर सुबहाना के साथ भी झगड़ा करने का प्रयास किया गया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।घायल अयान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में घटना को लेकर दहशत का माहौल है।

## मिशन कर्मयोगी चौपाल वैन के माध्यम से चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान

संभल। आकांक्षात्मक विकासखंड असमोली और गन्नौर में नीति आयोग के द्वारा निर्धारित संकेतकों को शत प्रतिशत संतृप्तिकरण करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिशन कर्मयोगी चौपाल वैन के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों को जन सहभागिता के माध्यम से संतृप्तिकरण करने का कार्य किया जा रहा है मिशन कर्मयोगी चौपाल वैन में एलईडी के द्वारा संचालित वीडियो के माध्यम से शासन प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्य योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है वैन के संचालन की एक विस्तृत रूपरेखा तैयार कर खंड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिवों आदि को ग्राम स्तर पर कार्य करने वाले समस्त कार्मिकों को उपलब्ध कराई गयी है वैन के गांव में पहुंचने पर ग्रामकुल के सदस्य ग्रामीणों को एकत्रित कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों को संतृप्तिकरण करने का कार्य अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है वैन के माध्यम से ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की शर्तें, पात्रता, आयु सीमा, आय सीमा, आवेदन की प्रक्रिया आदि की समस्त जानकारी प्रदान की जा रही है ग्रामकुल के सदस्य ग्रामीणों को वैन के माध्यम से जानकारी प्रदान कर रहे हैं तथा विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना सामग्री, प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण कर जन जागरूकता का कार्य मिशन कर्मयोगी चौपाल वैन के माध्यम से किया जा रहा है ।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर डीएम हुए सख्त, किया निरीक्षण

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा जनसुनवाई में आयीं शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए विकासखण्ड बहजोई के ग्राम भवन में शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत कि उनकी भूमि पर अवैध कब्जा तथा ग्राम सभा की भूमि पर दुकानों आदि का अवैध निर्माण को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड सम्भल के ग्राम सलारपुर कलां के उच्च प्राथमिक विद्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों के संबंध में निरीक्षण किया तथा एएसडी की सूची के विषय में जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लॉजिकल एरर्स को लेकर भी जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा मतदाताओं की गलत मैपिंग के संबंध में मतदाताओं के घर जाकर सत्यापन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# ठंड से बचाव के लिए प्रशासन अलर्ट, जिले में 760 सार्वजनिक स्थलों पर जलवाए जा रहे अलाव

**जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी, ठंड के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । जिले में लगातार ठंड के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा आमजन की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह के निर्देश पर जिले में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं साथ ही जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण भी किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले की सभी तहसीलों के स्तर से 73 स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं जिनमें बिलारी के 34, सदर के 16, ठाकुरद्वारा के 11 और कांठ के 12 अलाव स्थल शामिल हैं। इसी प्रकार स्थानीय निकायों में नगर निगम द्वारा 48, बिलारी 07, कुंदरकी 14, महमूदपुर माफी 11, पाकबड़ा 18, अगवानपुर 12, उमरीकला 11, कांठ 10, ढ़किया 10, ठाकुरद्वारा 16 और भोजपुर धर्मपुर में 10 स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में भी अलाव के प्रयाप्त प्रबंध किए गए हैं। मुरादाबाद में 58, बिलारी 106, छजलैट 82, मूंढापांडे 80, भगतपुर 75, डिलारी 52 और ठाकुरद्वारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 67 सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहें हैं।ठंड से बचाव के लिए जमीनी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जिला स्तर से लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।जिले में ठंड के दौरान आमजन की सुरक्षा और सतर्कता के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी ने एडवाइजरी भी जारी की है।उन्होंने बताया कि कोयले की अंगीठी, मिट्टी का चूल्हा, हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें तथा कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार बनाये रखना है ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीला धुंआ इकट्ठा न होने पाये। शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े तुरन्त बदल लें, ये शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिनके पास अलाव का सामान न हो तो अत्यधिक ठंड के दिनों सामुदायिक केन्द्रों/स्थलों पर जाये, जहां प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबन्ध किया गया हो। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे ऊनी कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीतदंश से बचा सकते हैं। अत्यधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके घर के अंदर रखें।

# बैठक में कार्यक्रम के संयोजन बिंदुओं पर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। संस्कार भारती जनपद बदायूं की बैठक अपराह्न बाद सरस्वती शिशु मंदिर मोहल्ला मीरा सराय की चौकी पर आहूत की गई जिसमें संगठन के विस्तार,सनातनी संस्कार के विस्तार व जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम के संयोजन बिंदुओं पर चर्चा की गई। भारत के भिन्न भिन्न प्रदेश से कलाकारों द्वारा संयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जन मानस में प्रचार और प्रसार करने की उद्देश्य से जनपद अलीगढ़ में संस्कार भारती की इकाई शाखा दिनांक को अलीगढ़ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम संघगंगा के तीन भगीरथ महानाटय में सम्मिलित होने के लिए जाने वाले पदाधिकारियों व सदस्यों की संख्या निर्धारित करने के लिए कहा लगभग 10 लोगों के नाम सूचीबद्ध किए गए हैं व कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया तथा संघगंगा के भगीरथ महानाट्य कार्यक्रम अलीगढ़ को अधिक से अधिक जागरूक करने का प्रयास का सनातनी समाज में प्रचार व प्रसार करने को लेकर अधिक संख्या में पहुंचने की चर्चा रही। आज की बैठक में कार्यक्रम में अशोक साहू जिला अध्यक्ष ,अशोक सक्सेना जिला मंत्री,मदन मोहन कला संयोजक, डॉ गीतम सिंह प्रांतीय सदस्य ,बिन्नी बाबू उपाध्यक्ष, रबिंद्र मोहन सक्सेना उपाध्यक्ष,प्रमोद कुमार शर्मा उपाध्यक्ष सहित,शंशाक रायजादा सहित मातृशक्ति से डॉ प्रतिभा मिश्रा प्रांतीय मात्र संयोजिका, सीमा शर्मा कोषाध्य, पूनम रस्तोगी दृश्य कला नगर प्रमुख,डॉ उमा गौर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकर्स के साथ बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण स्वीकृत करने की स्थिति के बारे में बैंकवार समीक्षा की तथा कहा कि किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत नियमानुसार प्राथमिकता से ऋण स्वीकृत किया जाएं ताकि उन्हें कृषि कार्यों में मदद मिल सके।

सीएम युवा योजना में निजी क्षेत्र की बैंकों द्वारा रुचि न लिए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा कहा कि निजी एवं राष्ट्रीकृत क्षेत्र की बैंकें विशेष रूचि लेते हुए सरकार की रोजगार परक योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने में भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंकें अपनी जिम्मेदारी समझें और ऋण-पत्रावली के निस्तारण में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें।उन्होंने ऋण संबंधी पत्रावलियों को निरस्त किए जाने की बैंकवार स्थिति की समीक्षा के दौरान स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए कि बिना पर्याप्त कारण के आवेदन पत्र किसी भी दशा में निरस्त नहीं होना चाहिए। ऋण स्वीकृति के उपरांत यथाशीघ्र आवेदक को ऋण की धनराशि प्राप्त हो जाए ताकि वे अपना रोजगार स्थापित कर सकें।मत्स्य पालकों के लिए संचालित किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा में भी बैंकों के स्तर से खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की बैंकवार स्थिति में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा सौर आधारित ऊर्जा स्रोत के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना संचालित की जा रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन में बैंक अपनी जिम्मेदारी दिखाएं ताकी आमजन इस योजना के उद्देश्य को समझें और अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों।

# शहर के बाजार में आज से नहीं घुस सकेंगे ई-रिक्शा और टेंपो

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। बाजार में जाम रोकने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। बाजार में ई-रिक्शा, टेंपो व चार पहिया वाहन भीतर न आ सकें इसके लिए शहर में छह प्वाइंट बनाए गए हैं। प्रत्येक प्वाइंट पर तीन यातायात पुलिस कर्मी तैनात किए जा रहे हैं। इन कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है कि बाजार में किसी प्रकार से ई-रिक्शा व टेंपो न घुसने पाएं।

अगर इसके बाद भी वाहन बाजार में घुसे और जाम लगा तो कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार से यह प्लान बाजार में लागू कर दिया जाएगा। साथ ही रोडवेज स्टैंड के बाहर सड़कों पर बसें खड़ी मिलने पर उनके चालान काटे जाएंगे।शहर में जाम आम लोगों के लिए नासूर बन गया है। जाम का मुख्य कारण ई-रिक्शा व शहर का अतिक्रमण है। इस समस्या से निजात पाने के लिए पहले भी यातायात विभाग व प्रशासन ने कोशिशें कीं, लेकिन सख्ती न होने की वजह से चार दिन ही प्लान चल सका। इस बार पूरी तैयारी के साथ प्लान लागू करने का दावा किया जा रहा है। इस समय शहर के बड़े बाजार से लेकर अन्य मार्केट तक ई-रिक्शा पहुंच रहे हैं, जिससे बाजार में भीषण जाम लगता आ रहा है। यातायात पुलिस आज बाजार में पुलिस बैरियर लगाकर इन वाहनों के आने पर पूरी तरह से रोक लगाएगी। इसके बाद बाजार में ई-रिक्शा, टेंपो व चार पहिया वाहन नहीं घुस सकेंगे।यहां रहेगी पूरी तरह से रोकशहर के भीड़भाड़ वाले इलाके शास्त्री चौक, सराफा बाजार, बड़ा बाजार आदि स्थानों पर बैरियर लगाकर ई-रिक्शा व अन्य वाहनों का बाजार में आना-जाना रोका जाएगा। इन स्थानों पर पुलिस बल व बैरियर लगने के बाद ई-रिक्शा बाजार के अंदर प्रवेश नहीं कर पाएंगे। बैरियरों के पास पुलिस कर्मी रहेंगे तैनातजबरन घुसने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस कर्मी नजर रखेंगे कि कहीं भी जाम न लगे। रविवार को यातायात विभाग ने शहर के बाजार में स्थान चिह्नित किए हैं। बाजार में खरीदारी को आने वाले लोगों को मुख्य चौराहों से बाजार तक पैदल ही जाना पड़ेगा। बाहरी डिपो की बसों पर पहले से है स्टैंड तक आने पर रोकजाम को देखते हुए एक सप्ताह पहले बाहरी डिपो की बसों का शहर में प्रवेश सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक बंद कर दिया गया है। इससे शहर के लालपुल से कलक्ट्रेट तक लोगों को जाम से राहत मिली है। स्टैंड के बाहर सड़क पर नहीं खड़ी होंगी रोडवेज बसें रोडवेज बसों को डिपो के अंदर ही खड़ा करना होगा। सड़क पर खड़ी करके जाम नहीं लगने दिया जाएगा। इसके लिए सीओ करणवीर सिंह ने साफ निर्देश यातायात पुलिस को दिए हैं।

## सम्पादकीय

# प्रेम-विवाह पर राजी

बदलते वक्त की धारा में युवाओं में बढ़ते प्रेम विवाह के रुझान को देखते हुए अब तक कठोर रही खापों ने भी रुख बदला है। जैसे कह रहे हों कि यदि मां-बाप राजी तो क्या करेगा काजी। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सोरम में देशभर की खाप पंचायतें तीन दिन तक जुटीं। जिसमें हरियाणा, पंजाब, उ.प्र., उत्तराखंड, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान आदि की विभिन्न जाति-धर्मों की 36 खाप बिरादरियों के प्रतिनिधि जुटे। रोचक यह है कि एक लाख से अधिक भागीदारों में आधे करीब 20-35 वर्ष के युवा थे। वजह यह भी थी कि खापों की सख्ती से बड़ी संख्या में युवाओं की शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, इस पंचायत में मौजूदा सामाजिक चुनौतियों मसलन इज्जत के नाम पर होने वाली हत्याएं, दहेज,भ्रूण-हत्या,मृत्यु-भोज जैसी कुरीतियों पर व्यापक विमर्श हुआ, लेकिन प्रेम विवाह का मुद्दा मुखरता से छाया रहा। महत्वपूर्ण बात यह रही कि सर्वखाप ने तय किया कि यदि माता-पिता की सहमति से प्रेम विवाह होता है तो खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। सर्वखाप पंचायत में देश की सबसे बड़ी बालियान खाप के प्रधान नरेश टिकैत का कहना था कि यहां इतने ज्यादा लोग इसलिए जुटे हैं कि मुद्दे कोई राजनीतिक या किसानों के न होकर, प्रेम-विवाह, अंतरजातीय विवाह शुरू करने, दहेज न लेने, मृत्युभोज बंद करने जैसे ज्वलंत विषयों से जुड़े रहे। आम राय रही है कि जिस विवाह को लेकर मां-बाप की सहमति होगी, उसमें समाज, रिश्तेदार अथवा खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। दरअसल, खापों के रवैये में लचीलापन आने की एक बड़ी वजह यह रही है कि युवा तेजी से प्रेम विवाह की तरफ उन्मुख हैं। लेकिन जहां ऐसा करने में सख्ताई है वहां बड़ी संख्या में युवा कुंआरे बने हुए हैं। हरियाणा, उ.प्र व एनसीआर के कई गांवों में सैकड़ों की कुंआरों की फौज खड़ी हैं। अब यह सोच बन रही है कि प्रेम विवाहों से समाज की कई बुराइयां व मुश्किलें भी कम हो रही हैं। बदलते वक्त के साथ परंपरागत शादियों में अलगाव, तलाक व टकराव के मामले हालिया सालों में बढ़े हैं। कई नेताओं में इस बात को लेकर सहमति बनाने की कोशिश हुई कि जिन जातियों में घड़ा व हुक्का-पानी एक है, उनमें शादियों की शुरुआत होनी चाहिए। समान कद वाली जातियों में भी शादी की बात छेड़ी गई, लेकिन इस पर कोई सहमति नहीं बनी। साथ ही समान गोत्र की खेतिहर जातियों में भी विवाह पर विचार हुआ। कई लोग उदाहरण देते रहे कि जाटों के सबसे बड़े नेता रहे चौधरी चरण सिंह ने अपनी तीन बेटियों व बेटे की अंतरजातीय शादी की। बताया जा रहा है कि जातीय अस्मिता और किसान संस्कृति की ध्वजवाहक जाट बिरादरी में विवाह से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीर मंथन चल रहा है। वहीं दूसरी ओर कई खापों के नेता इस बात को नकारते दिखे कि डीएनए मिक्सिंग से आने वाली पीढ़ियां कमजोर होती हैं। तर्क दिया गया कि शरीर विज्ञान से जुड़ा कोई शोध-अनुसंधान इस बात की पुष्टि नहीं करता। बहरहाल, खापों की सकारात्मक सोच युवाओं के लिये नई उम्मीद लेकर आई है।

पिछले महीने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सोरम में देशभर की खाप पंचायतें तीन दिन तक जुटीं। जिसमें हरियाणा, पंजाब, उ.प्र., उत्तराखंड, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान आदि की विभिन्न जाति-धर्मों की 36 खाप बिरादरियों के प्रतिनिधि जुटे। रोचक यह है कि एक लाख से अधिक भागीदारों में आधे करीब 20-35 वर्ष के युवा थे। वजह यह भी थी कि खापों की सख्ती से बड़ी संख्या में युवाओं की शादी नहीं हो पा रही है।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है। नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी। भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है। नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं। नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गईं। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया। मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। यही कारण है कि भाजपा में नेतृत्व और कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है। नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है। -ललित गर्ग

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी। भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है।

# केरल से आया भाजपा के लिए शुभ संकेत

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारतीय जनता पार्टी के लिए लम्बे संघर्ष के बाद दक्षिणी राज्य केरल से एक सुखद समाचार आया है। केरल के नगर निकाय चुनावों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राजग गठबंधन तीसरी शक्ति के रूप प्रवेश कर चुका है। यह नया राजनीतिक समीकरण मात्र केरल में ही नही अपितु पूरे दक्षिण भारत में कांग्रेस तथा वामपंथियो को सावधान होने को कह रहा है। केरल की राजधानी और कांग्रेस सांसद शशि थरूर के संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम के नगर निगम चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 101 में से 50 सीटों पर विजय प्राप्त कर इतिहास रच दिया और वाममोर्चे का 45 वर्ष पुराना किला ढहा दिया। माकपा के नेतृत्व वाला गठबंधन यहा 29 और कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन मात्र 19 सीटों पर ही सिमट गया। तिरुवनंतपुरम ही नहीं केरल के त्रिशूर नगर निगम पर भी भाजपा गठबंधन का नियंत्रण हो गया है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने लगातार तीसरी बार पलक्काड नगर पालिका पर भी अपना नियंत्रण बनाए रखा और त्रिपुनिथुरा नगरपालिका में सत्तारूढ़ गठबंधन के 20 वार्डो के मुकाबले 21 वार्ड जीतकर एडीएफ गठबंधन को एक और तगड़ा झटका देने में सफलता प्राप्त कर ली। तिरुवनंतपुरम के परिणाम राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गए हैं क्योंकि यहां से शशि थरूर वर्ष 2009 से कांग्रेस के सांसद हैं और कांग्रेस आलाकमान से उनकी अनबन चल रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जो भारतीय प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर भेजे गए थे उसमें शशि थरूर भी शामिल थे। शशि थरूर समय समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसी न किसी रूप में सराहना कर रहे हैं। मोदी की नीतियों पर थरुर के लेख भी चर्चा का विषय बने रहते हैं। केरल नगर निकाय के चुनाव परिणामों के आंकड़ों के अनुसार राजग गठबंधन ने राज्यभर में 1900 से अधिक वार्ड जीते हैं जो पिछली बार की तुलना में 300 से अधिक हैं। यद्यपि अब कहा जा सकता है कि अब केरल में भाजपा की उपस्थिति नगण्य नहीं रह गई है, वह धीरे -धीरे बढ़त पर निकल पड़ी है तथापि केरल में भाजपा को अभी बहुत काम करना है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी उसकी पकड़ नही बनी है। केरल नगर निकाय चुनाव परिणामों से संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में 45 वर्ष से चले आ रहे वामपंथी गढ को ढहा दिया। कोझिकोड और कन्नूर जैसे कट्टर वामपंथी गढ़ों में भी अपनी उपस्थिति दिखाने में सफलता प्राप्त की जहां उसने 13 और 4 सीटें जीतकर सत्ता के समीकरण गड़बड़ा दिए। एनडीए ने पहली बार 26 ग्राम पंचायतों में सफलता प्राप्त की है। स्पष्ट है कि अब भाजपा केरल में तीसरी ताकत बन रही है और वहां की राजनीति में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। 2020 के नगर निकाय चुनावों में भाजपा गठबंधन को 15 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे जो अब बढ़ कर 20 प्रतिशत हो गए हैं। भाजपा के लिए सबसे चौंकाने वाला परिणाम कन्ननकुलंगरा वार्ड जिसे हिंदुओ का गढ़ कहा जाता है का रहा जहां पर भाजपा की मुस्लिम महिला उम्मीदवार मुमताज ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। मुमताज विगत दो वर्षों से अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। मुमताज एक राजनेता के अतिरिक्त उद्यमी भी हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भाजपा को बधाई देते हुए इसे लोकतंत्र की खूबसूरती बताया। केरल की जीत से प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा नेतृत्व गदगद है और इस विजय का उत्सव भी मना रहा है। केरल विजय पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह केरल में कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों के कार्य और संघर्ष को याद करने का दिन है जिन्होंने जमीनी स्तर पर काम किया। हमारे कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं हमें उन पर गर्व है। भारतीय जनता पार्टी केरल में अपने पैर जमाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही है और हर बार नये -नये चेहरों के साथ प्रयोग कर रही है। 2014 में केंद्र में भाजपा गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद से केरल में भाजपा विशेष ध्यान दे रही है जिसका प्रतिफल अब दिखाई दे रहा है। अब केरल में ईसाई समुदाय भी भाजपा की ओर आकर्षित हो रहा हैं और उस समुदाय मे बीजेपी की पैठ बढ़ी है। इन सब के पीछे केरल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बढ़ता प्रभाव भी है। स्वयंसेवकों ने अपने प्राणों तक की चिंता छोड़कर संघ का विस्तार किया है। अब युवा भी संघ की शाखाओं में आ रहे हैं। स्वाभाविक रूप से केरल में संघ के विस्तार का लाभ भाजपा को मिलेगा।

## सेहत मंत्र

# खाएंगे कूल फूड तो रहेंगे कूल-कूल

गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूड़ियां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। महिलाएं होममेकर हों या कामकाजी हैं, गर्मी में दोनों को हाइड्रेशन मेंटेन करना बहुत जरूरी है यानी पानी खूब पीयें। ठंडे पदार्थ जैसे जौ, काला चना, चावल आदि को अपने भोजन में शामिल करें। इनमें पोषक तत्व भी भरपूर होते हैं। गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूड़ियां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। तेज गर्मी में आपकी कुछ कोशिशें आपको कूल रखने में कामयाब रहेंगी। सुबह नाश्ते में छांछ या ठंडा दूध ले सकती हैं। स्वाद के लिए दूध में इलायची पाउडर मिलाया जा सकता है। खाली पेट मौसमी फल का भी सेवन कर सकती हैं। दो घंटे बाद एक कटोरी दलिया या एक प्लेट पोहा खाएं। लंच में यदि गेहूं की रोटी खाती हैं तो उसमें थोड़ा चने का आटा भी मिक्स करें। यह न सिर्फ ठंडा होता है, बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। यही नहीं चना न केवल वजन घटाता है, बल्कि शुगर भी कम करता है। ऑफिस जाने वाली महिलाएं अपने साथ नींबू पानी, छांछ, नारियल पानी आदि अवश्य रखें। दो-दो घंटे के अंतराल पर उनका सेवन करें। पहले गर्मी के मौसम में गुलाबरस शर्बत, ठंडाई आदि ली जाती थी। आज भी इनका महत्व कम नहीं हुआ है। इन्हें घर में तैयार कर या फिर बाजार में उपलब्ध ऐसे शर्बतों का प्रयोग किया जा सकता है। खाली पेट रहने से बचें। जो महिलाएं ऑफिस जाने के क्रम में अधिक यात्रा करती हैं, वे अपने पास मूंगफली आदि का पैकेट जरूर रखें, क्योंकि खाली पेट रहने पर लू या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। पानी की बॉटल तो जरूर रखें। सनग्लासेज और बिना पावर के चश्मे से आंखों का बचाव करें। धूप में सिर को कवर करके चलें।

मौसमी फलों जैसे कि तरबूज खरबूज आदि का सेवन दिन में एक बार जरूर करें। खीरा, ककड़ी, प्याज आदि को भी भोजन में शामिल करें, ताकि जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। नेचुरल फ्रूट्स में शुगर की मात्रा भी बेहद कम होती है। रात में फल खाने से नुकसान तो नहीं है, लेकिन फायदा भी नहीं है। इसलिए दिन में ही इसे खाएं।

## धर्म मंत्र

# अपने चमत्कारों के लिए भी जाने जाते हैं साईंबाबा

अपने भक्तों के हर दुख दर्द को दूर करने के लिए विख्यात हैं शिरडी के साईं बाबा। साईं बाबा ने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया और एक ईश्वर की अवधारणा का लोगों को संदेश दिया। उनके मंदिरों में सभी धर्मों और जातियों के श्रद्धालु आते हैं और साईं बाबा आशीर्वाद देकर सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। साईं बाबा की प्रसिद्धि देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी है। माना जाता है कि सन 1854 में साईं बाबा शिरडी आए थे। वह दिव्य शक्ति के महात्मा थे। जब साईं बाबा शिरडी आए, उस समय वह एक छोटा सा गांव था। बाद में बाबा के चमत्कार से शिरडी की ख्याति दूर?दूर तक फैलती गई जिससे इस क्षेत्र का विकास होता चला गया। साईं बाबा शिरडी में एक पुरानी मस्जिद में रहा करते थे। उनके भक्तों को उनसे मिलने यहीं आना पड़ता था। साईं बाबा ने इस मस्जिद का नाम द्वारका भाई रखा था। शिरडी में कई नई इमारतें बनने के बावजूद साईं बाबा द्वारका भाई में ही रहना पसंद करते थे। साईं बाबा ने शिरडी में आने के बाद अपनी योग शक्ति से एक अग्नि जलाई थी जिसे धुनी कहा जाता है। इस धुनी में दिन?रात आग जलती रहती है। इस धुनी की राख को उदी कहा जाता है। साईं बाबा भक्तों को उदी दिया करते थे, इसी उदी से भक्तों के रोग दूर होते थे और उनके कष्टों का निवारण होता था। आज भी साईं बाबा के मंदिरों में भक्तों को यह उदी दी जाती है। साईं बाबा अंतर्यामी भी थे उन्हें अपने भक्तों पर आने वाले संकट का आभास हो जाया करता था।

पर्यटन



# पर्यटकों को आकर्षित करता है पंचगनी का ठंडा मौसम और जादुई झरने

महाराष्ट्र में वैसे तो कई प्रसिद्ध हिल स्टेशन हैं लेकिन सतारा जिले के पंचगनी की बात ही कुछ और है। यह इलाका कई प्रमुख आवासीय शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रसिद्ध है। पंचगनी की खोज ब्रिटिश लोगों ने की थी और गर्मियों में यह ब्रिटिश लोगों के रुकने का स्थान होता था। यह उल्लेख मिलता है कि 1860 के दशक में जॉन चेस्सों नामक अंग्रेज अधिकारी ने यहां पश्चिमी दुनिया के बहुत सारे पौधों की प्रजातियों को लगाया जिसमें सिल्वर ओक एवं पोइंसेत्टिया प्रमुख हैं। पंचगनी की खासियत यह है कि यहां का मौसम साल भर खुशनुमा रहता है इसलिए यह अंग्रेजों की आरामगाह थी। पंचगनी का अर्थ है पाँच पहाड़ियाँ। यह क्षेत्र समुद्री सतह से लगभग 1,350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ का शांत और ठंडा मौसम लगातार गर्म और झुलसे हुए पठार से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहाँ के पहाड़ जादुई झरनों और सँकरे, छोटी तथा घुमावदार धाराओं से आच्छादित हो जाते हैं। यदि आप ड्राइव करते हुए यहां आएं तो आपको और मजा आयेगा। अगर आप मुंबई से आ रहे हैं तो मुंबई-पुणे राजमार्ग का उपयोग करने पर जल्दी यहाँ पहुंच सकते हैं। पंचगनी पहाड़ी के नीचे के रास्ते पर है जो सतारा की ओर जाता है। यदि आप बहुत बड़े समूह में यात्रा कर रहे हैं तो यह ठीक रहेगा कि आप पंचगनी-महाबलेश्वर रोड पर अंजुमन ए इस्लाम शाला के सामने स्थित बंगले किराये पर ले लें। यहां घूमने के लिए सबसे सही समय सितंबर से मई तक है जब मानसून धीमा पड़ जाता है। ठंड में पंचगनी का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस होता है। जून से सितंबर के भारी वर्षा के दिनों में भी परिवार और पर्यटक यहां आते हैं और इस स्थान के अलौकिक सौंदर्य को देखते ही रह जाते हैं। पंचगनी सहयाद्री पर्वत श्रृंखला के पाँच पहाड़ियों के मध्य में है और इसके चारों ओर पांच गांव- दंदेघर, खिंगर, गोद्वाली, अमरल एवं तैघाट हैं भी बसे हैं।

# प्रेमी से मिलने आई प्रेमिका की कुल्हाड़ी से नृशंस हत्या

## शादी डाटकाम से शुरु प्रेम कहानी का अंत मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। फ़ेसबुक व्हाट्सएप की प्रेम कहानी बड़ी अजब गजब है। ऐसी प्रेम कहानी का अंत मौत ही होती है। आए दिन ऐसे प्रकरण और हाथ से सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक दिल दहलाने दे दिल दहलाने वाला मामला मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा शाहबपुर में सामने आया। अपने प्रेमी मंगेतर से मिलने गोरखपुर से शहाबपुर आयी प्रेमिका को प्रेमी के परिजनों ने मिलकर मौत के घाट उतार दिया। मंगलवार को रक्तरंजित शव मिलने की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस व पुलिस अधीक्षक

अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमापंत ने फरसेंसिक टीम के साथ मुआयना कर साक्ष्य एकत्रित किये तथा मृतका के परिजनों को सूचना दी। बताते हैं कि मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम सहाबपुर निवासी संदीप यादव पुत्र कमलेश यादव से सोमवार शाम गोरखपुर से चलकर 30 वर्षीय प्रेमिका ममता का रक्तरंजित शव मंगलवार को हाईवे के पास मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मसौली थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और सबको कब्जे में लिया।

रिलायंस कम्पनी मे सिविल इंजीनियर ग्राम सहाबपुर निवासी संदीप यादव व वात्सल्य पब्लिक स्कूल संगम चौराहा गोरखपुर निवासी राजकिशोर की 30 वर्षीय पुत्री ममता से करीब डेढ़ वर्ष पूर्व इंस्ट्राग्राम के एक शादी डाटकाम से हुई मुलाक़ात के बाद परवान चढा प्रेमप्रसंग जीने मरने की हद तक पहुंच गया।नतीजा यह हुआ कि इंजीनियर संदीप यादव अक्सर अपनी प्रेमिका ममता के साथ होटलों मे कमरा लेकर रात्रि गुजारने लगा लेकिन पारिवारिक दबाव के चलते संदीप की गत 4 मई को ग्राम धौकलपुर से एक युवती से विवाह हो गया, हालांकि अभी गौना नहीं हुआ। वहीं ममता की भी शादी 26 जुलाई को हो गयी जिसकी विदाई होने के बाद भी ममता व संदीप का प्रेमप्रसंग, बना रहा। बताया जा रहा है कि ममता के दबाव में संदीप एक सप्ताह पूर्व छुट्टी लेकर घर आया था।

बीती आधी रात्रि ममता भी शाहबपुर पहुंच गई। ममता के आने पर संदीप के माता-पिता और चारों बहनों ने विरोध किया। स्थिति को संभालते हुए संदीप ने ममता को वापस भेजने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हो गया और सभी लोग सो गए। मंगलवार सुबह संदीप शौच के लिए घर से बाहर गया। लौटने पर जब उसने अपने बिस्तर पर ममता को नहीं पाया तो घर के बाहर आग के पास बैठी मां से पूछताछ की, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह घर के अंदर गया, जहां एक कमरे में ताला लगा हुआ था। ताला तोड़ने पर कमरे के अंदर ममता का शव खून से लथपथ अवस्था में देखा घटना के समय घर से संदीप के पिता कमलेश, माता संतोष कुमारी तथा बहनें सुधा, निधि, मीरा और कंचन मौके पर मौजूद नहीं थीं। संदीप ने तत्काल पीआरबी को सूचना दी। पुलिस ने संदीप से पूछताछ के साथ विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू की है।

# एसडीओ मौर्य ने लिया शिविर का जायजा, ब्याज पर सौ फीसदी छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बराबंकी। तहसील क्षेत्र के शहरी गांव में विद्युत उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य ने विद्युत राहत योजना के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में चल रहे इस कैंप में उपभोक्ताओं के बकाया बिलों की वसूली और उन्हें छूट संबंधी जानकारी ली।

उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपना पंजीकरण करवाया और बकाया राशि जमा की। विद्युत राहत योजना के तहत उपभोक्ताओं को भारी छूट मिल रही है। एक उदाहरण के तौर पर,उपभोक्ता संजय कुमार का 14,105 रुपये का बिल मात्र 4,998 रुपये में निपटाया गया। इस छूट का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता कैंपों और विद्युत उपकेंद्रों पर पहुंच रहे हैं।

उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि दिसंबर माह में ब्याज पर 100 प्रतिशत और मूलधन पर 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होंने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।विद्युत टीम में टीजी टू अतुल सिंह, मनीष कुमार, मोहित वर्मा, सुशील कुमार, मनोज कुमार, सोनू पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# जगन्नाथ की पुण्य तिथि पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव

## जेबीएस इंस्टीट्यूटशंस के आदि प्रेरणा स्रोत है जगन्नाथ सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जेबीएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस के आदि प्रेरणा स्रोत, महान शिक्षा प्रेमी एवं समाजसेवी स्वर्गीय जगन्नाथ बक्स सिंह जी की पुण्य तिथि के अवसर पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता एवं वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह तथा इंस्टिट्यूट की प्रबंधक श्रीमती पूनम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वर्गीय जगन्नाथ बक्स सिंह के जीवन, उनके आदर्शों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़, खो-खो, कबड्डी एवं शतरंज जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।





200 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में फ्रिंजल एल.बी.एस. इंटर कॉलेज के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फतेहचंद जगदीश राय इंटर कॉलेज के विष्णु द्वितीय तथा फतेहचंद इंटर कॉलेज के योगेश तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में बालिका इंटर कॉलेज की अनु यादव प्रथम रहीं, जबकि प्राची वर्मा एवं अंकिता वर्मा क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में विष्णु प्रथम, राज द्वितीय तथा दीपु तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में मोनी दुबे प्रथम रहीं, जबकि मोनी एवं सुभी यादव क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। 600 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में कुलदीप पाल प्रथम, दिलशाद अहमद द्वितीय तथा आयुष यादव तृतीय स्थान पर रहे। 600 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में मोनी दुबे प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा ख्उट्ट ऋद्मपद्धप्फद्द की सत्यवती तृतीय स्थान पर रहीं। शतरंज प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में राममूरत चौहान प्रथम, सुशील सिंह द्वितीय तथा अंकित तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी (बालिका वर्ग) में बाबा हरिशंकर दास इंटर कॉलेज एवं एल.बी.एस. इंटर कॉलेज ने फाइनल में प्रवेश किया । कबड्डी (बालक वर्ग) में जेबीएस दुल्हादेपुर, बाबा हरिशंकर दास इंटर कॉलेज, फतेहचंद इंटर कॉलेज तथा सी.एस. खेता सराय की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु गठित निर्णायक मंडल टीम में मनोज कुमार चौधरी, विपिन कुमार चौधरी, कुलदीप प्रताप सिंह, अमृत लाल यादव, उमेश चंद्र मौर्य, उदय प्रताप वर्मा, कुमारी शिखा सिंह, हिमांशु प्रताप सिंह, राम किशोर वर्मा तथा मंजीत कुमार जी शामिल रहे। अंततः संस्थान प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, शिक्षक गण एवं उपस्थित सभी गणमान्यजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### ओवर ब्रिज निर्माण के दृष्टिगत मार्ग दिशा परिवर्तित

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र की चौकाघाट रेलवे क्रासिंग के पास एनएच 927 पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते मरकामऊ मार्ग पर परिवर्तन किया गया है।चल रहे पायलिंग कार्य के कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।ये वाहन अब रामनगर टाउन से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से आवागमन करेंगे।राज्य सेतु निगम के कर्मचारियों ने सड़क पर सुरक्षा के मद्देनज़र बैरिकेडिंग की है व लोगों से निर्धारित डायवर्जन का पालन करने की अपील की है।

### रिटायर सैनिक पर जानवर का हमला , दहशत

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम धनौरा मजरे सिरकौली में सोमवार सुबह रिटायर्ड पीएसी हवलदार रमेश पासवान पर जंगली जानवर द्वारा हमले से दहशत फैल गई।हमले से पैर पर गंभीर चोटें आईं जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी सिरौली गौसपुर में भर्ती कराया गया है।ग्रामीणों के अनुसार हमला लकड़बग्घे ने किया घटना के बाद भय के चलते गांव के बच्चे स्कूल नहीं जा सके।ग्रामीणों ने वनविभाग से जंगली जानवर को पकड़ने की मांग की है वहीं वन विभाग की टीम जांच कर रही है।

### कलयुगी पुत्र ने की माता-पिता की पिटाई

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घुघंटेर थाना क्षेत्र के बौधनी निवासी मोल्हेराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में अपने बड़े पुत्र अजीत कुमार की शादी के लिए केसीसी के माध्यम से ढाई लाख रुपये का ऋण लिया था। कर्ज चुकाने की बात कहने पर पुत्र व बहू ने इनकार कर दिया और जमीन बेचने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि रविवार को पुत्र ने अपने ससुर के साथ मिलकर मोल्हेराम व उनकी पत्नी की पिटाई की। घुघंटेर थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि पिता की तहरीर पर पुत्र, बहू और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### राम जानकी मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव, श्रद्धालुओं ने छका भोजन प्रसाद

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मसौली चौराहा स्थित पशु बाजार में कस्बा मसौली निवासी लल्लू जयसवाल द्वारा स्थापित राम जानकी मंदिर का आठवा वार्षिकोत्सव पर रामचरित मानस सुंदरकांड का आयोजन किया गया। अभिषेक के उपरांत प्रतिमाओं का दिव्य श्रंगार हुआ। सुबह आठ बजे से मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के पश्चात आरती संपन्न हुई और प्रसाद का वितरण किया गया पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे साधु संतो के आलावा सैकड़ो भक्तो ने भाग लिया। इस दौरान आयोजक राधा देवी जयसवाल,लल्लू जयसवाल, राहुल, शुभम, शिवकरण वर्मा, लवकुश वर्मा, रोहित, लक्ष्मण, हर्षित , राकेश जयसवाल, मोहित जयसवाल ,राकेश जयसवाल,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सभी लोग अपनाएं हिन्दू संस्कृति : होसबोले

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने मंगलवार को कहा कि सभी लोगों को हिंदू संस्कृति को आत्मसात करने की जरुरत है। खलीलाबाद थाना क्षेत्र के सरौली मण्डल तामेश्वरनाथ खण्ड में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में होसबोले ने अपने उद्बोधन की शुरूआत मगहर की दिव्य भूमि पर स्थापित कबीर दास की परिनिर्वाण स्थली को नमन करते हुए की और कहा कि कबीर समाज सुधारक और सच्चे राष्ट्रभक्त संत थे। जिन्होंने समाज को सूत्र में बांधने का काम किया था। आज भी उनके विचारों, रचनाओं को पढ़ कर उसे अपने जीवन में उतारने से समाज को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कबीर के बताए मार्ग पर चलने का कार्य संघ करता है जहां पर बिना किसी भेदभाव के सभी लोग एक साथ राष्ट्र निर्माण के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म बाहर के लोगों को पहचानने के लिए है। उससे पहले मानव धर्म है और हम सभी हिन्दू भाइयों को एकसूत्र में बंधकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होने सभी से हिन्दू संस्कृति अपनाने का आह्वान किया। श्री होसबोले ने कहा कि आरएसएस राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है। इस मौके पर क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक रमेश, सह प्रांत प्रचारक सुरजीत, प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील व अवधेश, विभाग प्रचारक ऋषि दीप, जिला प्रचारक धीरज, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नीतू सिंह, भाजपा नेता उदय राज तिवारी, पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्र, अष्टभुजा शुक्ला, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने संघ सरकार्यवाह का स्वागत किया।

# वाराणसी बन रहा है रेलवे लोकोमोटिव निर्यात का बड़ा केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू) ने एक बार फिर लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। 15 दिसंबर को बीएलडब्ल्यू द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की छठी इकाई मोज़ाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना की गई। बीएलडब्ल्यू द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, बीएलडब्ल्यू को मोज़ाम्बिक के लिए 3300 हॉर्स पावर एसीएसी डीजल-इलेक्ट्रिक के कुल 10 लोकोमोटिव के निर्यात का ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इन लोकोमोटिव की आपूर्ति एम/एस राइट्स के माध्यम से की जा रही है, जिसके तहत 10 लोकोमोटिव के निर्माण और निर्यात का अनुबंध किया गया है। पहले दो लोकोमोटिव जून 2025 में भेजे गए थे। इसके बाद तीसरा सितंबर, चौथा अक्टूबर में और पांचवां लोकोमोटिव 12 दिसंबर को प्रेषित किया गया। छठा लोकोमोटिव 15 दिसंबर को रवाना किया गया। बीएलडब्ल्यू द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्स पावर के केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से संचालन में सक्षम हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चालक-अनुकूल सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट, मोबाइल होल्डर तथा आधुनिक कैब डिज़ाइन शामिल हैं, जो चालक के आराम और परिचालन दक्षता को सुनिश्चित करती हैं। स्वदेशी डिज़ाइन और उन्नत रेलवे तकनीक के निर्माण में अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से बीएलडब्ल्यू वैश्विक रेलवे बाजार में भारत की उपस्थिति को सशक्त बना रहा है। वर्ष 2014 से अब तक बीएलडब्ल्यू श्रीलंका, म्यांमार और मोज़ाम्बिक जैसे देशों को लोकोमोटिव का निर्यात कर चुका है, जिससे वहां की रेलवे प्रणालियों के विकास को समर्थन मिला है।

मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड की परिकल्पना के अनुरूप, ये निर्यात विभिन्न देशों में प्रचलित अलग-अलग गेज प्रणालियों के लिए रोलिंग स्टॉक के डिज़ाइन, निर्माण और आपूर्ति की भारतीय रेलवे की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं। ऐसे प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेलवे साझेदार देशों के रेलवे अवसंरचना के उन्नयन में सहयोग कर रहा है, साथ ही विश्वसनीय रेलवे उपकरण निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत कर रहा है। अब तक भारत ने यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, स्पेन, जर्मनी और इटली जैसे यूरोपीय देशों को मेट्रो कोच, बोगियां, यात्री कोच, लोकोमोटिव और अन्य महत्वपूर्ण रेलवे उपकरणों का निर्यात किया है। अफ्रीका में मोज़ाम्बिक, रिपब्लिक ऑफ गिनी, दक्षिण अफ्रीका आदि देश शामिल हैं।

# घना कोहरा, शिक्षक संगठनों ने की विद्यालय समय परिवर्तन की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। घने कोहरे के कारण दृश्यता अत्यंत कम होने व ठंढ से बच्चों एवं शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों के समय परिवर्तन की मांग विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा उठाई गई है। इस संबंध में यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक से मिलकर समय परिवर्तन की बात रखी, वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन की मांग ज्ञापन के माध्यम से की हैद्य ज्ञापन में छात्रों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये विद्यालयो के समय परिवर्तन करने का अनुरोध किया है । शिक्षक संगठनों ने विद्यालय संचालन समय प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक किये जाने की मांग की है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण, प्रमाण पत्र पाकर प्रतिभागी बच्चे गदगद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। ब्लॉक संसाधन केंद्र निंदूरा में खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर के नेतृत्व में बालिका शिक्षा मीना मंच के अंतर्गत आयोजित संदर्भ दाताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रगति के पंख, अरमान मॉड्यूल, शिक्षक संदर्शिका एवं टूल-10 की विस्तृत जानकारी दी गई। समापन पर प्रशिक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं वैशाली गुलसिया द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वरिष्ठ शिक्षक संदीप कुमार वर्मा ने मीना मंच को सशक्त बनाने, साप्ताहिक गतिविधियों के नियमित आयोजन तथा टूल-10 समय से भरने पर जोर दिया। यूनिसेफ से आए राजेंद्र कुमार एवं पीटर प्रहलाद ने भी मीना मंच के सुदृढ़ीकरण का आह्वान किया। कार्यशाला में विकासखंड के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संदर्भ दाता उपस्थित रहे।

## ब्लॉक मसौली में राज्य परियोजना एवं केंद्रीय टीम का संयुक्त निरीक्षण

# शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खण्ड- मसौली में राज्य परियोजना एवं केंद्रीय टीम के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यो का निरीक्षण किया।

टीम मे नयी दिल्ली से डिलाइट फाउंडेशन की मुख्य अधिकारी सरस्वती कस्तूरीरंगन , उप प्रबंधक ज्योति श्रेष्ठ, स्कर्ट सलाहकार डॉ .शुभ्रांशु, को-फाउंडर मंत्रा संतोष कुमार व व्योम कुमार, राज्य परियोजना से अंकित श्रीवास्तव व अश्वनी आदि ने ब्लॉक की शैक्षिक प्रगति,प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों का गहन अवलोकन किया।

प्राथमिक विद्यालय गुरेला मे जाकर टीम ने कक्षा-कक्ष अवलोकन के माध्यम से बच्चों के पठन-पाठन एवं अधिगम स्तर का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों के सीखने की स्थिति, उनकी सहभागिता एवं शिक्षण वातावरण को देखकर टीम ने प्रसंन्नता व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गरिमा मिश्रा व अन्य शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, नवाचारों एवं विद्यालय प्रबंधन से संबंधित विषयों पर सकारात्मक एवं सारगर्भित संवाद हुआ और विद्यालय की सतत प्रगति को सराहा गया।



विद्यालय के पश्चात टीम ब्लॉक संसाधन केंद्र, मसौली पहुँची, जहाँ खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार से विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विषयों पर विस्तृत और रचनात्मक चर्चा हुई। इस संवाद में ब्लॉक स्तर पर संचालित शैक्षणिक योजनाओं, निपुण भारत मिशन, शिक्षक प्रशिक्षण, अकादमिक मॉनिटरिंग तथा गुणवत्ता सुधार हेतु अपनाई जा रही रणनीतियों एवं रचनात्मक कार्यो को देखा। टीम ने खंड शिक्षा अधिकारी , ट्टटक्क् इटघ् द्वारा किए जा रहे सुनियोजित एवं परिणामोन्मुखी प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। टीम ने डायट मेंटर महेंद्र यादव,एसआर जी अवधेश पांडेय एवं एआरपी आदित्य कुमार वर्मा, राजेश कुमार यादव, उमेश कुमार वर्मा, आशीष शुक्ल और राहत फातिमा से अलग-अलग संवाद कर जमीनी स्तर पर चल रही शैक्षणिक गतिविधियों का फीडबैक प्राप्त किया। शिक्षकों के अकादमिक सहयोग, विद्यालय भ्रमण, मेंटरिंग एवं प्रशिक्षण, निपुण भारत मिशन संबंधी कार्यों हो रहे कार्य को टीम ने अत्यंत सराहनीय बताया।


## सूचना

I, ANURAG Singh, s/o Ravindra Singh, R/o A-246, A Block, near Neelgiri Complex, Indira Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh, hereby declare that my name is recorded as Anurag Singh in my Aadhaar Card, which has been changed to Anurag Singh Bhadouriya. Henceforth, I shall be known as ''Anurag Singh Bhadouriya.

# सूर्यकुमार पर बढ़ते दबाव के बीच भारत की नजरें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीतने पर


एजेंसी



लखनऊ। शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं क्योंकि भारत बुधवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा। तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था जिसने उन्हें दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज बनाया था क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा कर रहा था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए। एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-परिचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है। सूर्यकुमार ने हालांकि कहा कि वह खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहे। उन्होंने रविवार को धर्मशाला में भारत की जीत के बाद कहा, ''मैं नेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं वह सब कुछ करने की कोशिश कर रहा हूं जो मेरे नियंत्रण में है। जब रन आने होंगे तो वे निश्चित रूप से आएंगे। मैं खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहा लेकिन निश्चित तौर पर रन नहीं बना पा रहा। हालांकि आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बताते हैं। भारतीय कप्तान एक साल से अधिक समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। मौजूदा सत्र में इस प्रारूप में उनका औसत 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई अर्धशतक नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बल्लेबाजी करने में सफल रहे हैं। टी20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में गत चैंपियन टीम चाहेगी कि उनका कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज जल्द से जल्द लय फिर से हासिल कर ले। उप कप्तान शुभमन गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का शीर्ष क्रम अस्थिर हो गया है। गिल ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज को अभिषेक शर्मा के साथ एक प्रभावी साझेदारी बनाने के बावजूद पहले निचले क्रम में धकेल दिया गया और अंततः बाहर कर दिया गया। गिल ने अन्य प्रारूपों में अपना स्तर दिखाया है लेकिन टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने अब भी उस आश्वस्त बल्लेबाज की झलक नहीं दिखाई है जो वह टेस्ट और एकदिवसीय में है। वह रविवार को कम लक्ष्य का पीछा करते हुए भी सिर्फ 28 रन ही बना पाए जिसने विश्व कप से पहले चिंताओं को कम नहीं किया है। विश्व कप से पहले भारत के पास इस प्रारूप में अब सिर्फ सात मैच हैं।

# एडिलेड टेस्ट से ख्वाजा बाहर कमिंस और लियोन की वापसी

एजेंसी



एडिलेड। एडिलेड में होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन से उस्मान ख्वाजा को बाहर कर दिया गया है। इसके साथ ही यह अटकलें तेज हो गई हैं कि शायद ख्वाजा का यह ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी टेस्ट साबित हो सकता है। चयनकर्ताओं ने जेक वेदराल्ड और ट्रैविस हेड की आक्रामक ओपनिंग जोड़ी पर भरोसा जताया है। जैसा कि पहले से उम्मीद थी, कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन टीम में लौट आए हैं। उनकी वापसी के चलते माइकल नेसर और ब्रेंडन डॉगेट को बाहर बैठना पड़ा है। ख्वाजा दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे क्योंकि पर्थ टेस्ट के दौरान लगी पीठ की ऐंठन से वह पूरी तरह उबर नहीं पाए थे। हालांकि इस हफ्ते की शुरुआत में ख्वाजा ने खुद को 100 फीसदी फिट बताया था और टीम में जगह बनाए रखने की इच्छा जताई थी। मध्यक्रम में उनकी भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई थी, लेकिन चयनकर्ताओं ने जोश इंग्लिस को बनाए रखने का फैसला किया और वेदराल्ड-हेड की ओपनिंग जोड़ी को जारी रखा। इस जोड़ी ने पर्थ की दूसरी पारी में 75 रन जोड़े थे, जबकि गाबा टेस्ट की पहली पारी में दोनों ने मिलकर 77 रनों की साझेदारी की थी। चयनकर्ताओं का मानना है कि इससे इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बना है। कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पहले टेस्ट के बाद ट्रैविस का ओपनिंग करना हमारे लिए बड़ा बदलाव रहा है और वेदराल्ड के साथ उनकी जोड़ी काफी अच्छी दिखी है। हमें लगा कि मध्यक्रम में बदलाव की जरूरत नहीं है। दोनों ओपनर लगातार स्कोरबोर्ड चलाते रहे हैं और इससे मर्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को भी अच्छी शुरुआत मिल रही है। ख्वाजा एडिलेड टेस्ट के दौरान 39 साल के हो जाएंगे। 2023 एशेज के बाद से उनका औसत 31.84 रहा है और इस दौरान उन्होंने 45 पारियों में सिर्फ एक शतक लगाया है। ख्वाजा की वापसी की संभावनाओं पर कमिंस ने कहा, हां, संभावनाएं जरूर हैं। चयनकर्ता हर टेस्ट को अलग-अलग देखते हैं। ख्वाजा की ताकत यह है कि उन्होंने टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर दोनों में रन बनाए हैं। अगर हमें लगेगा कि टीम को उनकी जरूरत है, तो उनके लिए वापसी का रास्ता हमेशा खुला है। कमिंस ने चोटों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के 2-0 की बढ़त लेने की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट सिस्टम की गहराई को दिखाता है। जोश हेज़लवुड के सीरीज से बाहर होने और खुद कमिंस के शुरुआती टेस्ट न खेलने के बावजूद टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: पंजाब ने रोमांचक मुकाबले में मध्य प्रदेश को दो विकेट से हराया

**पुणे।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 के सुपर लीग ग्रुप-ए मुकाबले में पंजाब ने मध्य प्रदेश के खिलाफ एक बेहद रोमांचक मैच में दो विकेट से शानदार जीत दर्ज की। मंगलवार को पुणे के डीवाई पाटिल अकादमी में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मुकाबले में पंजाब ने 226 रनों का बड़ा लक्ष्य अंतिम ओवर में हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 225 रन बनाए। टीम की पारी की धुरी वेंकटेश अय्यर रहे, जिन्होंने 43 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 70 रन की आक्रामक पारी खेली। शुरुआती विकेट गिरने के बावजूद उन्होंने रन गति बनाए रखी। अंत के ओवरों में अनिकेत वर्मा (16 गेंदों में 31 रन) और मंगेश यादव (12 गेंदों में 28 रन) ने तेज रन बटोरते हुए स्कोर को मजबूत किया। पंजाब की ओर से गेंदबाजी में गुरनूर बराड़ (3/45) और रमनदीप सिंह (2/38) सबसे सफल रहे। हालांकि, मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों की आक्रामकता के चलते दोनों गेंदबाजों को 40 से अधिक रन खर्च करने पड़े। 226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत धमाकेदार रही। ओपनर हरनूर सिंह ने 36 गेंदों में 64 रन की तेज पारी खेलकर टीम को मजबूत आधार दिया। इसके बाद मध्यक्रम में सलील अरोड़ा ने 29 गेंदों में 50 रन बनाकर पारी को संभाले रखा, जबकि अनमोलप्रीत सिंह ने मात्र 14 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। मैच का रोमांच अंतिम ओवरों में चरम पर पहुंच गया। रमनदीप सिंह ने दबाव में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 21 गेंदों में 35 रन बनाए और टीम को जीत के करीब ले आए। अंतिम 12 गेंदों में 23 रन चाहिए थे, जहां रमनदीप ने 19वें ओवर में 17 रन बटोरे और अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर पंजाब को जीत दिला दी। अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए रमनदीप सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इस जीत के साथ पंजाब ने टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी को और मजबूत कर लिया।

## पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान मसूद ने सलाहकार बनने की पीसीबी की पेशकश ठुकराई

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने पीसीबी के 'अंतरराष्ट्रीय एवं खिलाड़ी मामलों के सलाहकार' का पद लेने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है और कहा है कि देश के लिए खेलते समय वह इसके साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मसूद को इस आश्वासन के साथ पद की पेशकश की थी कि क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें निदेशक का स्थायी पद दिया जाएगा। यह पहली बार है जब किसी मौजूदा टेस्ट कप्तान को पीसीबी ने नौकरी की पेशकश की है। विचार यह था कि मसूद अपनी शिक्षा और प्रबंधन पृष्ठभूमि के साथ दोनों जिम्मेदारियों को संभालने के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। खिलाड़ी के करीबी सूत्र ने कहा कि काफी सोचने के बाद मसूद ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को बता दिया था कि वह एक साथ दोनों जिम्मेदारियों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। सूत्र ने कहा, ''शान ने बताया कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से पहले 2026 और 2027 में पाकिस्तान का टेस्ट कार्यक्रम काफी व्यस्त है और वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और टीम को फाइनल में पहुंचने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मसूद ने नकवी से अनुरोध किया कि उन्हें अपनी क्रिकेट जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति दी जाए और वह क्रिकेट छोड़ने के बाद पीसीबी के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

## एरिना सबालेंका फिर डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं

**न्यूयॉर्क।** एरिना सबालेंका ने सोमवार को लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले। सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं। उन्होंने एक करोड़ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया। वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हार गईं थी। वह जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर अपने करियर की चौथी ग्रैंड स्लैम एकल ट्रॉफी जीती। अमेरिका की 24 साल की अनिसिमोवा को विंबलडन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। वह तीन और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं जिसमें दोहा और बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतना भी शामिल है। अनिसिमोवा ने 2024 का अंत रैंकिंग में 36वें स्थान पर किया था लेकिन 2025 के आखिर में नंबर चार पर पहुंच गईं। सोमवार को अन्य पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में विकी म्बोको को साल की सर्वश्रेष्ठ नई खिलाड़ी, बेलिंडा बेनसिक को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कैटरीना सिनियाकोवा तथा टेलर टाउनसेंड को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया।

## कृत्रिम मेधा के युग में भारत की विविधता एक ताकत :प्रधान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के युग में भारत की भाषाई एवं सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता एक ताकत है। उन्होंने साथ ही कहा कि स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा व कृषि में यहां विकसित किए गए समाधान अफ्रीका तथा लातिन अमेरिका जैसे अन्य क्षेत्रों को भी लाभ पहुंचा सकते हैं। 'प्रौद्योगिकी' को राष्ट्रीय बदलाव का एक रणनीतिक चालक बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुमानों से संकेत मिलता है कि एआई 2035 तक भारत की अर्थव्यवस्था में करीब 1,700 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान दे सकता है। प्रधान ने गूगल के 'लैब टू इम्पैक्ट' कार्यक्रम में कहा, '' एआई केवल आर्थिक मूल्य के बारे में नहीं है, यह राष्ट्रीय क्षमता के बारे में है। यह इस बारे में है कि हम प्रौद्योगिकी का निर्माण करते हैं या केवल उसका उपभोग करते हैं। 'विकसित भारत' उधार लिए गए विचारों पर नहीं बनाया जा सकता, इसे मौलिक अनुसंधान एवं संस्थागत विश्वास तथा बड़े पैमाने पर समस्याओं को हल करने की क्षमता पर बनाया जाना चाहिए। उभरती प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में स्वदेशी भावना (मेक इन इंडिया) का अर्थ है कि डेटा, भाषा और अनुसंधान प्राथमिकताएं भारतीय वास्तविकताओं के अनुरूप हो। भले ही भारत एक वैश्विक सहयोगी एवं योगदानकर्ता बना रहे। प्रधान ने कहा, '' भारत की विविधता भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक को अकसर एक चुनौती के रूप में वर्णित किया जाता है, लेकिन एआई के संदर्भ में, यह एक ताकत है।

# दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स में भारत के युवा पैरा शटलरों का जलवा, 8 स्वर्ण पदक जीते

एजेंसी




नई दिल्ली। दुबई 2025 एशियन यूथ पैरा गेम्स में भारतीय युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पैरा बैडमिंटन स्पर्धाओं में कुल 8 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय दल ने इस टूर्नामेंट में कुल 17 पदक (8 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य) जीतकर देश का नाम रोशन किया। भारत की इस ऐतिहासिक सफलता के केंद्र में रहे जतिन आज़ाद, जिनके संयमित और आत्मविश्वास से भरे खेल ने टीम की जीत की नींव रखी। आज़ाद ने ट्ठ5 वर्ग में दोहरा स्वर्ण जीता। पहले उन्होंने पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया और फिर शिवम यादव के साथ मिलकर पुरुष युगल में भी स्वर्ण पदक जीता। फाइनल के दबाव में भी दोनों की साझेदारी भरोसे और बेहतरीन तालमेल की मिसाल बनी रही। अपनी जीत के बाद जतिन आज़ाद ने भविष्य पर नजर रखते हुए कहा, मैं सभी चैंपियनशिप में खेलना चाहता हूं, ज्यादा अनुभव और एक्सपोज़र हासिल करना चाहता हूं। जितना ज्यादा एक्सपोज़र मिलेगा, उतना ही बेहतर प्रदर्शन करूंगा- और मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा चयन LA28 पैरालंपिक्स के लिए होगा। भारतीय टीम की सफलता में मानसिक मजबूती की भी अहम भूमिका रही। एक अन्य स्वर्ण पदक विजेता हर्षित चौधरी ने टीम के सकारात्मक रवैये पर जोर देते हुए कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि हम हर स्थिति के लिए तैयार थे। मैंने और मेरे पार्टनर ने पूरे मैच के दौरान सकारात्मक सोच बनाए रखी। खास बात यह रही कि दुबई 2025 सभी भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए पहला एशियन यूथ पैरा गेम्स था, जिससे यह उपलब्धि और भी खास बन जाती है। पदकों से बढ़कर, यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए सीख और अनुभव का अहम मंच साबित हुआ, जो उन्हें लॉस एंजेलिस 2028 पैरालंपिक खेलों की ओर मजबूती से आगे बढ़ने में मदद करेगा। अब युवा पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन चुके जतिन आज़ाद ने सीधा और असरदार संदेश देते हुए कहा, हर किसी में शुरुआत करने का साहस नहीं होता। लेकिन बस खेलिए, अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए, अच्छी ट्रेनिंग कीजिए-नतीजे जरूर मिलेंगे। फाइनल मुकाबलों में एशिया भर की उभरती प्रतिभा भी देखने को मिली।

## केकेआर ने ग्रीन को रिकॉर्ड तोड़ 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा, साव और सरफराज को नहीं मिले खरीदार

अबूधाबी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मिनी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को खरीदने के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि पृथ्वी साव और सरफराज खान नीलामी में नहीं बिके। ग्रीन ने अपने हमवतन मिशेल स्टार्क (24.75 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ते हुए आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया। केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच उनके लिए कड़ी बोली लगी, जिसके अंत में चेन्नई की फ्रेंचाइजी पिछड़ गयी। विदेशी खिलाड़ियों के लिए नीलामी के नियमों के अनुसार हालांकि शेष राशि बीसीसीआई के खिलाड़ी विकास कार्यक्रम में जाएगी। ऐसे में इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपये (19 लाख अमेरिकी डॉलर) ही रहेगा।

# खिलाड़ी के रूप में रातों की नींद नहीं गंवाई लेकिन विश्व कप में भारत-न्यूजीलैंड मैच अलग था: मजूमदार

एजेंसी

मुंबई। भारत की महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि अपने खेलने के दिनों में उन्होंने कभी रातों की नींद नहीं गंवाई लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में जीत जरूरी थी जिससे वह दबाव में थे और मुकाबले से पहले अच्छी तरह नहीं सो पाए। लगातार तीन हार के साथ भारत पर स्वदेश में हो रहे विश्व कप से समय से पहले बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन टीम ने डकवर्थ-लुईस पद्धति से न्यूजीलैंड को 53 रन से हराकर सेमीफाइनल का उपलब्ध अंतिम स्थान अपने नाम किया। इसके बाद भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में सात बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला विश्व कप जीता। मजूमदार ने सोमवार को बॉम्बे जिमखाना में एक सम्मान समारोह के दौरान याद करते हुए कहा, ''मुंबई के लिए अपने (प्रथम श्रेणी) पदार्पण से पहले पहले एक भी रात मेरी नींद नहीं उड़ी क्योंकि कडू भाई (भारत के पूर्व खिलाड़ी करसन घावरी) मेरे मैनेजर थे। मुझे पता था कि वह इसका ख्याल रखेंगे। मजूमदार ने कहा कि सेमीफाइनल में जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद 127 रन की पारी निर्णायक मोड़ रही जिसने भारत को प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का आत्मविश्वास दिया। उन्होंने कहा, ''आप ऐसा कह सकते हैं (ऑस्ट्रेलिया को हराना निर्णायक मोड़ था)। मजूमदार ने कहा, ''न्यूजीलैंड मैच से पहले कुछ दिन रातों की नींद उड़ गई थी क्योंकि वह मैच हर हाल में जीतना था। हमारा हमेशा से मानना था कि अगर हमें विश्व कप जीतना है तो हमें कहीं न कहीं ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा या तो सेमीफाइनल में या फाइनल में। उन्होंने कहा, ''हम सभी उस मैच के लिए तैयार थे लेकिन जेमिमा की पारी अभूतपूर्व थी३मुझे लगता है कि युगों-युगों में एक बार खेली जाने वाली पारी। मजूमदार ने कहा कि विश्व कप जीतने का क्षण अब भी अवास्तविक लगता है। उन्होंने कहा, ''विश्व कप जीतना एक अवास्तविक क्षण रहा है और इसने मेरे सहित भारत में कई क्रिकेटरों के जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जीत के बाद भारत के पूर्व खिलाड़ियों को विश्व कप ट्रॉफी देने का विचार कप्तान हरमनप्रीत कौर का था। कोचिंग में तकनीक पर चर्चा करते हुए मजूमदार ने महान रमाकांत आचरेकर को याद किया जो उनके पूर्व कोच भी थे। मजूमदार ने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं आचरेकर सर को हर रोज याद करता हूं। वह एक प्रतीक थे३उनकी इसे (कोचिंग) करने की एक अलग शैली थी। उन्होंने कहा, ''आज लैपटॉप है। उस समय शायद एक छोटी सी चिट थी और वह कुछ लिखते थे। बस यही अंतर है। मुझे लगता है कि वह अपने समय से आगे थे।

# आईपीएल का 19वां सत्र 26 मार्च से 31 मई तक होगा

एजेंसी

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सत्र का आयोजन 26 मार्च से 31 मई तक किया जाएगा लेकिन यह देखना होगा कि भगदड़ में लोगों की मौत के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी बड़े क्रिकेट आयोजन रुकने के बाद गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के घरेलू मैदान को मेजबानी का मौका मिलता है या नहीं। स्थापित नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था लेकिन जब तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पूर्ण कार्यक्रम जारी नहीं करता तब तक स्थिति स्पष्ट होने की संभावना नहीं है। इस साल जून में आरसीबी के जीत के जश्न के दौरान सड़कों पर लाखों लोगों की भीड़ जुटने के बाद आयोजन स्थल पर अराजकता और भगदड़ मच गई थी जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि आयोजन स्थल को कर्नाटक सरकार से सशर्त मंजूरी मिल गई है लेकिन मौतों के बाद इसे आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा करने की भी आवश्यकता है। सरकारी एजेंसियों से अपेक्षित मंजूरी के बिना लोगों को सड़क पर जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए फ्रेंचाइजी की कड़ी आलोचना हुई थी। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने मैसूरु में संवाददाताओं से कहा, ''हर साल आईपीएल का उद्घाटन मैच पारंपरिक रूप से उस टीम के घरेलू मैदान पर होता है जिसने पिछले सत्र में ट्रॉफी जीती थी। उन्होंने कहा, ''लेकिन चार जून को आरसीबी के आईपीएल चैंपियनशिप जश्न के दौरान भगदड़ के कारण कुछ अनिश्चितता थी इसलिए मैंने बेंगलुरु में उद्घाटन मैच की मेजबानी के बारे में बीसीसीआई के साथ चर्चा की है और वे भी इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। भगदड़ के बाद सुरक्षा और प्रशासनिक मुद्दों के कारण बेंगलुरु ने इसी साल महिला विश्व कप मैचों की मेजबानी भी गंवा दी थी।

# सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में म्यूचुअल फंड नियमों में बदलाव पर होगी चर्चा

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल वरिष्ठ अधिकारियों के हितों के टकराव पर गठित उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट पर बुधवार को विचार करेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) मानकों में ढील और 'समापन नीलामी सत्र' शुरू करने का प्रस्ताव शामिल है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय की अध्यक्षता में होने वाली यह चौथी बोर्ड बैठक होगी। पांडेय ने इस साल एक मार्च को पदभार संभाला था। बैठक में उस समिति की रिपोर्ट पर विशेष रूप से चर्चा होगी, जिसने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए व्यापक सुधारों का सुझाव दिया है। पैनल ने सेबी के शीर्ष अधिकारियों के हितों के टकराव से निपटने के लिए संपत्तियों के सार्वजनिक खुलासे की सिफारिश की है। पैनल ने यह रिपोर्ट 10 नवंबर को सेबी प्रमुख को सौंपी थी। रिपोर्ट में एक सुरक्षित और गुमनाम व्हिसलब्लोअर (सूचनाकर्ता) प्रणाली स्थापित करने, महंगे उपहारों पर प्रतिबंध, सेवानिवृत्ति के बाद दो साल तक नियुक्तियों पर रोक लगाने और 'मुख्य नैतिकता एवं अनुपालन अधिकारी' (सीईसीओ) का पद सृजित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। म्यूचुअल फंड एवं स्टॉक ब्रोकर नियमों के संबंध में सेबी पहले ही परामर्श पत्र जारी कर चुका है। अक्टूबर में सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखा था, जिसमें टीईआर (योजना के कुल खर्च) की स्पष्ट परिभाषा और ब्रोकरेज शुल्क की संशोधित सीमाएं शामिल हैं। प्रस्तावित ढांचे के तहत सेबी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को म्यूचुअल फंड योजनाओं पर अतिरिक्त 0.05 प्रतिशत वसूलने की अनुमति हटाने की योजना बना रहा है। यह अतिरिक्त खर्च तय समय से पहले निकासी पर लगने वाले शुल्क को योजनाओं में वापस क्रेडिट करने के प्रभाव की भरपाई के लिए दिया गया था।

# बी. साईराम ने कोल इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का संभाला कार्यभार

एजेंसी



नई दिल्ली। बी. साईराम ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद पर कार्यरत थे।सीआईएल ने शेयर बाजार को मंगलवार को सीएमडी पद का कार्यभार संभालने की जानकारी दी। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक बी. साईराम ने कोयला विभाग के अतिरिक्त सचिव सनोज कुमार झा का स्थान लिया है। झा ने 31 अक्टूबर को पीएम प्रसाद की सेवानिवृत्ति के बाद एक नवंबर से सीआईएल के अंतरिम चेयरमैन का कार्यभार संभाला था। बी. साईराम ने 15 दिसंबर से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। भारत के घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की 80 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। कोल इंडिया चेयरमैन बी. साईराम ने कार्यभार संभालने के बाद एक बयान में ऑपरेशनल एक्सीलेंस हासिल करने पर टीम मेंबर्स के साथ अपना विजन शेयर किया। उन्होंने घरेलू ऊर्जा की बढ़ती मांग के बीच कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के रिकॉर्ड उत्पादन लक्ष्य हासिल करने के लिए अपने प्रयास तेज करने के घोषणा की। उन्होंने सब्सिडियरी कंपनियों के सीएमडी के साथ एक वर्चुअली बैठक की, जिसमें सुरक्षा और गुणवत्ता के नियमों का पालन करते हुए इस साल के कोयला उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करने का आह्वान किया। बैठक में डायरेक्टर (एचआर) डॉ. विनय रंजन, डायरेक्टर (मार्केटिंग) मुकेश चौधरी, डायरेक्टर (फाइनेंस) मुकेश अग्रवाल और डायरेक्टर (टेक्निकल) अच्युत घटक शामिल हुए।

### वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री योगी सख्त, विभागीय कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

# कृषि, ऊर्जा और उद्योग प्रदेश की आर्थिक वृद्धि के मुख्य स्तंभ बने

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एनेक्सी में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से जुड़े कार्यों तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न विभागों के बजट आवंटन एवं व्यय की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में कार्य सही मार्ग पर हैं तथा इनमें और अधिक प्रगति की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस दिशा में कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 29.78 लाख करोड़ रुपये है। वर्ष 2024-25 के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9 प्रतिशत हो गया है, जबकि वर्ष 2022-23 में यह 8.6 प्रतिशत था। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जीएसडीपी लक्ष्य का 93 प्रतिशत पहले ही प्राप्त किया जा चुका है। अब लगभग 42 लाख करोड़ रुपये के जीएसडीपी लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मंत्रिगण वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से संबंधित विभागीय कार्यों की मासिक समीक्षा, मुख्य सचिव द्वारा पाक्षिक समीक्षा तथा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्ष द्वारा साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बैठकों में निर्धारित बिंदुओं की गुणवत्तापूर्ण समीक्षा हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों। साथ ही, सभी सक्षम अधिकारी फाइलों का समयबद्ध निस्तारण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों के कार्यों का रियल टाइम डेटा समय से अपलोड किया जाए तथा डेटा संकलन की प्रक्रिया में और तेजी लाई जाए। मंत्रिगण एवं विभागीय अधिकारी केंद्र सरकार के अधिकारियों से सतत संवाद बनाए रखें, ताकि केंद्रांश समय से प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवंटित बजट का समय से व्यय सुनिश्चित किया जाए। नियोजन विभाग को सभी विभागों का डेटा साप्ताहिक रूप से एकत्र करने हेतु एक मजबूत तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के कुल 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन में योगदान देता है। खाद्यान्न एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कृषि रणनीति के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कृषि विकास दर 13 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। इस क्रम में सीड पार्क के निर्माण तथा यूपी एग्रीज परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी है। बेहतर बीज, उन्नत तकनीक तथा खेती के क्षेत्र के विस्तार से फसलों की पैदावार बढ़ी है।

साथ ही, उच्च उत्पादन और अधिक मूल्य देने वाली फसलों की खेती से किसानों की आय और कुल उत्पादन—दोनों में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, फसलों के किस्मवार सटीक मूल्य आकलन से कृषि उत्पादन का अधिक सटीक और बेहतर मूल्यांकन संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोहरे आदि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने परिवहन विभाग को इस संबंध में एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कॉमर्शियल वाहनों की पंजीकरण फीस को व्यावहारिक बनाने तथा आमजन की सुलभ यात्रा के लिए गुणवत्तापूर्ण बस सेवाओं में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

## अन्नदाता किसान को कोई समस्या हुई तो कोई भी बचेगा नहीं: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक शब्दों में कहा है कि मिलावटी अथवा नकली खाद बेचने वालों और खाद की कालाबाजारी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान को यदि खाद को लेकर कोई भी समस्या हुई तो जवाबदेही तय होगी और दोषी चाहे किसी भी स्तर का हो, कार्रवाई से नहीं बचेगा।

मंगलवार को कृषि मंत्री और सहकारिता मंत्री की उपस्थिति में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खाद की समुचित उपलब्धता और सुचारू वितरण को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता और कृषि मंत्री प्रतिदिन खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से हर जिले पर सीधी निगरानी रखी जाएगी और खाद वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी स्वयं खाद की दुकानों और समितियों पर औचक निरीक्षण करें। ओवर रेटिंग किसी भी दशा में न हो और खाद समितियां निर्धारित अवधि के अनुसार अनिवार्य रूप से खुली रहें। डीएपी, यूरिया और पोटाश किसानों को केवल तय सरकारी दरों पर ही उपलब्ध कराई जाए। जहां भी गड़बड़ी पाई जाए, वहां तत्काल जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों की निरंतर निगरानी की जाएगी। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या लापरवाही सामने आती है तो खुली विजिलेंस जांच कराई जाएगी। उनका स्पष्ट संदेश था कि खाद संकट पैदा करने या कृत्रिम अभाव दिखाने की कोशिश करने वालों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में 16 दिसंबर 2025 तक कुल 9.57 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.77 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3.67 लाख मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों के लिए उपलब्ध है। सहकारी क्षेत्र में 3.79 लाख मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 5.78 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। डीएपी में सहकारी क्षेत्र में 1.47 लाख मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 2.30 लाख मीट्रिक टन तथा एनपीके में सहकारी क्षेत्र में 0.88 लाख मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 2.79 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्धता बताई गई।

मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि रबी फसलों की बुवाई लगभग पूर्ण हो चुकी है और गेहूं की फसल में टॉप ड्रेसिंग के लिए यूरिया का वितरण किया जा रहा है। गत वर्ष की तुलना में इस अवधि में यूरिया की बिक्री अधिक रही है और वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 54,249 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपलब्धता के बावजूद किसी किसान को खाद के लिए भटकना न पड़े, यही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बंगलादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिये प्रेरणादायक: नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महानिदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। 'विजय दिवसः 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी' शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, ''यह एक ऐसी जीत थी जहाँ मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र - बंगलादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किये गये क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया, ''केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका समापन 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण में हुआ, जो वैश्विक इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पणों में से एक है। यह दिन भारत की अपने दोस्तों के प्रति निष्ठा और अपने विरोधियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है, तब भी और अब भी, जब भारत न्याय के लिए खड़ा होता है, तो जीत अपरिहार्य होती है। भारतीय वायु सेना ने भी इस दिन युद्ध के दौरान कार्रवाई में शामिल जेट विमानों की दुर्लभ, अनदेखी तस्वीरों और वीडियो को प्रदर्शित करते हुए एक वीडियो साझा किया। '1971 युद्ध - साहस का वृत्तांत' शीर्षक वाले इस वीडियो में 13 दिनों के युद्ध के दौरान दिन-वार किए गए अन्य कार्यों के अलावा लोंगेवाला की लड़ाई, तंगेल हमला भी शामिल है।

## देशवासियों को गुमराह कर चुनाव आयोग की छवि धूमिल कर रही है कांग्रेस: नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार करार देते हुए इसका विरोध करने वाली कंग्रेस पार्टी पर चुनाव आयोग की छवि बेवजह धूमिल करने का आरोप लगाया और कहा कि वह चुनावों में अपनी हार के कारणों पर अपने कार्यकर्ताओं और देशवासियों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा कराने से पीछे नहीं हटी है और वह कभी भी किसी भी विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एसआईआर पर चर्चा इसलिए नहीं कराई गई क्योंकि यह काम चुनाव आयोग का है और उसका कोई भी प्रतिनिधि संसद में नहीं है तो जवाब कौन देता। श्री नड्डा ने चुनाव सुधारों पर सदन में करीब दस घंटे चली चर्चा में हिस्सा लेते हुए मंगलवार को कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए चुनाव सुधार जरूरी हैं और चुनाव आयोग ने इस दिशा में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव सुधारों की लंबी यात्रा तय की है। चुनाव आयोग ने अपनी कार्य प्रणाली से दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। नेता सदन ने कहा कि देश में एसआईआर का काम 1952 से चल रहा है और केवल एक बार 2002 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को छोड़कर हमेशा कंग्रेस के प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में यह काम हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरह से यह कहा जा सकता है कि यह काम एक ही पार्टी और एक ही परिवार ने देखा। उन्होंने कहा कि उस समय कभी भी एसआईआर पर सवाल नहीं उठाए गये। दशकों तक चुनाव आयोग के काम को एक पार्टी और यहां तक कि एक ही परिवार ने देखा और उस समय कोई सवाल नहीं उठा रहा था। श्री नड्डा ने कहा कि एसआईआर पर देश में एक माहौल बनाने की कोशिश की गयी जैसे कि बहुत बड़ा घपला हो रहा है। जिम्मेदार विपक्षी पार्टी कंग्रेस की रैली में वोट चोरी और वोट चोर जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्था के रूप में चुनाव आयोग को चुनाव की जिम्मेदारी दी गयी है। उसे मतदाता सूची बनाने और दुरूस्त करने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा, '' स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना उसकी जिम्मेदारी है। कोई पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे और कोई अपात्र सूची में शमिल न हो। मतदाता बनने की पहली योग्यता यह है कि वह भारत का नागिक हो और 18 वर्ष से उपर हो।'' न्होंने कहा कि एसआईआर चुनाव आयोग का अधिकार है यह चलता रहेगा हम रहें या न रहें। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए और इनके बारे में इस्तेमाल किये जाने वाले शब्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने कंग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के नतीजे उसके लिए तकलीफदेह हैं लेकिन उसे इसका मर्ज खोजना होगा। उन्होंने कहा कि कंग्रेस का मर्ज कुछ और है और वह लोगों को गुमराह कर केवल कैडर को शांत करने के लिए कह रही है कि पार्टी चुनाव आयोग के कारण हार रही है।

## मनरेगा का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक : प्रियंका-राहुल

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना(मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है।

श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा ''मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को ख़त्म करना चाहती है। इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है।''

उन्होंने कहा कि नाम बदलना इनकी सनक है और हर नाम को वह बदल रही है। सरकार जब भी नाम भी बदलती है तो सरकार का खर्च होता है। महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनके नाम पर मनरेगा कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है और इस योजना को कमजोर कर खत्म करने की योजना चल रही है। इसमें सिर्फ 125 दिन किए गये हैं लेकिन इसके पैसे लोगों को नहीं मिल रहे हैं। योजना में 90 प्रतिशत केंद्र देता है और सरकार चाहती है कि इसे कम किया जाए और अगर ऐसा होगा तो राज्यों को देना पड़ेगा और इस वजह से उन पर अधिक वित्त का बोझ पड़ जाएगा। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो चीज़ों से पक्की नफ़रत है-महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से। मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है-करोड़ों ग्रामीणों की ज़िंदगी का सहारा है, जो कोविड काल में उनका आर्थिक सुरक्षा कवच भी साबित हुआ। मगर श्री मोदी को यह योजना हमेशा खटकती रही और पिछले दस सालों से इसे कमजोर करने की कोशिश करते रहे हैं। आज वो मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा की बुनियाद तीन मूल विचारों, रोज़गार का अधिकार-जो भी काम मांगेगा, उसे काम मिलेगा, गांव को प्रगति कार्य खुद तय करने की स्वतंत्रता तथा केंद्र सरकार मज़दूरी का पूरा खर्च और समान की लागत का 75 फीसदी देगी, पर आधारित है। श्री मोदी अब इसी मनरेगा को बदलकर सारी ताकत सिर्फ़ अपने हाथों में केंद्रित कर, बजट, योजनाएं और नियम केंद्र तय करेगा, राज्यों को 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### विशेषाधिकार समिति...

को ऐसी भाषा या आचरण से बचना चाहिए, जिससे सदन की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगे। हम सभी जनता के प्रति जवाबदेह हैं। जनता ने जिन अपेक्षाओं के साथ जनप्रतिनिधियों को चुना है, उन पर खरा उतरना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से संयम धैर्य और मर्यादा से कार्य करने की अपील की। इससे पहले समिति के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष का अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य उपस्थित रहे।

### भारत-जॉर्डन का व्यापार...

आगे एक आर्थिक गलियारा' बनाने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा, सूचना तकनीक, फिनटेक, हेल्थ-टेक और कृषि-टेक में सहयोग के अवसरों का उल्लेख करते हुए दोनों देशों के स्टार्टअप को मिलकर काम करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने दवाओं और चिकित्सा उपकरणों में भारत की ताकत और जॉर्डन के रणनीतिक महत्व की ओर भी इशारा किया। प्रधानमंत्री के अनुसार, जॉर्डन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पश्चिमी एशिया और अफ्रीका के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य कर सकता है। श्री मोदी ने कृषि, कोल्ड चेन, फूड पार्क, उर्वरक, बुनियादी ढाँचा, ऑटोमोबाइल, हरित परिवहन, नवीकरणीय ऊर्ज़ा,जल पुनर्चक्रण और पर्यटन क्षेत्र को सहयोग के प्रमुख क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने महामहिम के नेतृत्व की सराहना की जिनके अधीन जॉर्डन बाजारों और क्षेत्रों को जोड़ने वाला एक सेतु बन गया है और व्यापार तथा विकास को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश सालाना आठ प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि उच्च उत्पादकता, मजबूत शासन और नवाचार-नेतृत्व वाली नीतियों से प्रेरित है। उन्होंने कहा, ''भारत जॉर्डन के हर निवेशक और व्यवसाय के लिए सभी क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान कर सकता है। श्री मोदी ने डिजिटल सहयोग की गुंजाइश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा बनाने में भारत का अनुभव जॉर्डन के लिए अत्यधिक मूल्यवान हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूपीआई, आधार और डिजीलॉकर जैसे प्लेटफॉर्म समावेशन और दक्षता के लिए वैश्विक मानक बन गये हैं। फोरम में क्राउन प्रिंस हुसैन और जॉर्डन के व्यापार और उद्योग मंत्री तथा निवेश मंत्री के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारिक नेताओं ने भाग लिया। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) वाले फिक्की और जॉर्डन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### अमंगल रहा...

हादसे हुए हैं। पहली घटना रहीमाबाद थाना क्षेत्र स्थित लखनऊ-हरदोई रोड पर रियाज ढाबे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार माल कस्बा निवासी प्रिंस यादव की मौत हो गई। दूसरा व्यक्ति अरुण घायल है। वहीं, एक अन्य घटना मे सोमवार की देर रात को महिगवा थाना क्षेत्र के उमरावां चौराहा के पास दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान इंटौजा थाना क्षेत्र के रामनाथ उर्फ कोटे के रूप में हुई है। इसी तरह सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी पिकअप में पीछे से एक अनियंत्रित कार ने टकर मार दी। हादसे में कार सवार ओरियंटल इन्श्योरेंस राबर्ट्सगंज के शाखा प्रबंधक वाराणसी के पांडेयपुर निवासी सत्य प्रकाश गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर बभनमई गांव के पास बीती देर जेसीबी और बाइक की टक्कर में बबलू गौतम की मौत हो गई। वहीं, राजू गौतम की नाजुक हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मीरजापुर जिले के अदलहाट थाना क्षेत्र के नरायनपुर ओवरब्रिज से पहले सिकिया गांव के सामने सोमवार देर रात सड़क हादसे में 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिकिया गांव निवासी बल्लू यादव के रूप में हुई है। इसी तरह नोएडा में थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सोरखा गांव के पास सोमवार देर रात रात चलती कार में आग लग गई। इस घटना में एक पेंट व्यवसायी राजकुमार सिंघल (46) की की जिंदा जलकर मौत हो गई।

### हंगामे के बीच...

मिलेगा। कृषि कार्यों के लिए विशेष फंड दिया गया है। बापू रामराज्य की बात करते थे और सरकार कृषि और मजदूरी से जुड़े कार्यों को एक समान करने का काम करेगी। इसी बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विधेयक लाया गया है और केवल विधायी क्षमता पर ही बहस सीमित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देशहित में कानून होगा उसे पारित करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधायी कार्यों में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों का उपयोग किया जा सकता है। कंग्रेस नेता प्रियंका ने विधेयक लाए जाने का विरोध किया और विधेयक को वापस लेकर व्यापक चर्चा हेतु स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया। यही मांग एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले और कुछ अन्य सदस्यों ने भी की। प्रियंका ने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) पिछले 20 वर्षों से ग्रामीण गरीबों को रोजगार और कानूनी सुरक्षा देता आया है। यह मांग-आधारित योजना ग्राम सभाओं को अधिकार देकर पंचायती राज और संविधान की मूल भावना को मजबूत करती है। प्रस्तावित विधेयक में केंद्र द्वारा धन आवंटन पहले से तय करने, अनुदान घटाने और नियंत्रण बढ़ाने से राज्यों व ग्राम सभाओं की भूमिका कमजोर होगी। काम के दिन बढ़ाने के बावजूद मजदूरी में वृद्धि नहीं की गई है। इससे रोजगार का कानूनी अधिकार कमजोर होता है। थरुर ने नाम का विरोध किया और कहा कि यह गांधीजी के ग्राम स्वराज की सोच के खिलाफ है। तृणमूल कंग्रेस के सौगत राय ने कहा कि भगवान राम देश के लिए आदरणीय हैं लेकिन महात्मा गांधी का नाम योजना से जुड़ा होना ज्यादा प्रासंगिक होगा। उन्होंने कहा कि मांग आधारित के बजाय इसे सप्लाई आधारित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा। आरएसपी नेता एके प्रेमचंद्रनन ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह राष्ट्रपिता का अपमान है।

### अदालत ने नेशनल...

भी स्वीकार्य नहीं है। किसी निजी व्यक्ति द्वारा दायर शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनी रूप से मान्य नहीं है।'' अदालत ने कहा कि मामले के गुण-दोषों पर अन्य तर्कों की जाँच करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ईडी के आरोप पत्र में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डॉटैक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को नामजद किया गया था, जिसमें एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 2,000 करोड़ रूपये से अधिक की संपत्ति के गलत अधिग्रहण का आरोप लगाया गया था। कांग्रेस ने अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'सत्य की जीत' बताया और दोहराया कि यह मामला राजनीति से प्रेरित था। कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि अदालत ने उसके नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को अवैध और उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर पाया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि पिछले एक दशक में उसके खिलाफ की गई कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित थी और कहा कि अदालत के अवलोकनों ने जाँच के पीछे की दुर्भावनापूर्ण मंशा को उजागर कर दिया है। कांग्रेस ने ईडी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में न तो कोई धन शोधन हुआ और न ही कोई संपत्ति हस्तांतरण हुआ है तथा न ही अपराध से संपत्ति अर्जित की गई है। अदालत ने ईडी की जाँच पर सवाल उठाते हुए यह भी टिप्पणी की कि केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले में कोई मूल या अनुसूचित अपराध दर्ज नहीं किया था। अदालत ने कहा कि ऐसे अपराध के अभाव में, यह स्पष्ट नहीं था कि धन शोधन की जाँच कैसे की जा सकती है। पार्टी ने सत्य के लिए लड़ने और हर भारतीय के अधिकारों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा, ''हम न तो डर सकते हैं और न ही कभी डरेंगे, क्योंकि हम सत्य के लिए लड़ते हैं। सत्यमेव जयते।

### प्रदेश में 'अंतिम...

के विस्तार व कॉरीडोर निर्माण पर जोर योजना के अनुसार, प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने के लिए लगभग 1500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित परिवहन नेटवर्क के विकास को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना निर्माण पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर्स के निर्माण को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और नगरीय क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। ये कॉरिडोर औद्योगिक क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स हब तथा नगरीय केंद्रों को बेहतर तरीके से जोड़कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। इसी कड़ी में इंटरसिटी हाइपरलूप, प्रदेश के प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल संचालन और विस्तार तथा वॉटर मेट्रो नेटवर्क को बढ़ाया जा रहा है। व्यापार, रोजगार तथा निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन बेहतर रीजनल कनेक्टिविटी से प्रदेश में व्यापार व उद्योग को नई दिशा मिलेगी। विभिन्न कॉरिडोर तथा परिवहन नेटवर्क के विकास से उद्योगों को कच्चे माल, बाजार तथा श्रम शक्ति तक सुगमता से पहुंच प्राप्त होगी। इससे न केवल प्रदेश में निवेश को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अंतिम मील कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान प्रदेश सरकार की रणनीति केवल बड़े परिवहन नेटवर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 'अंतिम मील कनेक्टिविटी' को प्रमुख प्राथमिकता दी जा रही है। रीजनल परिवहन प्रणालियों को शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों से जोड़ने के लिए परिवहन साधनों के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को घर से कार्यस्थल, बाजार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक निर्बाध पहुंच मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि मजबूत, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था के बिना प्रदेश का समग्र विकास संभव नहीं है। विजन-2047 को केंद्र में रखते हुए रीजनल कनेक्टिविटी के साथ ही अंतिम मील कनेक्टिविटी को एकीकृत रूप से विकसित करने को लेकर कार्य जारी है।

### यशवंत वर्मा प्रकरण...

कैसे संभव हो सकती है। श्री रोहतगी ने जवाब दिया कि उनका तर्क एक ही दिन में स्वीकृति पर आधारित नहीं है बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि प्रस्ताव एक ही दिन ''प्रस्तुत'' किए गए थे, जो क़ानून के अंतर्गत एक संयुक्त समिति की आवश्यकता को जन्म देता है। गौरतलब है कि जुलाई में लोकसभा के 145 सदस्यों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने महाभियोग नोटिस क्रमशः लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को सौंपा था। लोकसभा अध्यक्ष ने अगस्त में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एम. श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव आचार्य की एक जांच समिति के गठन की घोषणा की थी। यह मामला 14 मार्च को आगजनी के बाद आग बुझाने के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के एक बाहरी कमरे में बड़ी मात्रा में करेंसी नोटों के बरामदगी से संबंधित है।

इसके बाद, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक आंतरिक जांच समिति का गठन किया था, जिसमें न्यायमूर्ति शील नागू (तत्कालीन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया (तत्कालीन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन (कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) शामिल थे। जांच लंबित रहने तक, न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया और उन्हें न्यायिक कार्यभार से मुक्त कर दिया गया। समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें प्रथम दृष्टया उन्हें दोषी पाया गया।

सलाह दिए जाने के बावजूद न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इनकार करने के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा आंतरिक जांच कार्यवाही के साथ-साथ मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

### डॉ. रामविलास वेदांती...

अत्यंत निकट और आत्मीय संबंध रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1949 में अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के विग्रह के प्रकटीकरण के समय गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर पूज्य महंत दिग्विजयनाथ तथा वेदांती जी के पूज्य गुरु बाबा अभिराम दास जी उस ऐतिहासिक अभियान का हिस्सा थे। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि वर्ष 1983 में जब श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ और उनके पूज्य गुरुदेव, गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महंत अवेद्यनाथ उस समिति के अध्यक्ष बने, तब से डॉ. रामविलास वेदांती वरिष्ठ सदस्य के रूप में निरंतर इस आंदोलन से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु श्रीराम के पवित्र मंदिर से जुड़े सभी ऐतिहासिक कार्यक्रमों, 5 अगस्त 2020 को मंदिर के शिलान्यास, 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा तथा 25 नवंबर 2025 को धर्मध्वजा आरोहण के वेदांती साक्षी रहे। यह उनके जीवन की साधना और संकल्प का ही परिणाम था कि वे रामलला को विराजमान होते, भव्य मंदिर का निर्माण होते और दिव्य-भव्य अयोध्या को साकार रूप में देखते हुए तथा रामकथा का गायन करते हुए इस लोक से विदा हुए।

# नीतीश कैबिनेट बैठक में सात निश्चय योजना 3.0 को मंजूरी

■ बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में सात निश्चय योजना 3.0 को मंजूरी दे दी गई। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 24 नवंबर 2005 से राज्य में कानून का राज स्थापित है। सुशासन के कार्यक्रमों के तहत सात निश्चय (2015-2020) और सात निश्चय-2 (2020-2025) के निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया गया है। अब बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के उद्देश्य से सात निश्चय-3 को लागू करने का निर्णय लिया गया है। सात निश्चय-3 का पहला निश्चय 'दोगुना रोजगार-दोगुनी आय' है। इसका उद्देश्य राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना करना है। इसके तहत 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के अंतर्गत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपये दिए जाएंगे और रोजगार विस्तार के लिए 2 लाख रुपये तक की सहायता मिलेगी। अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार के उत्पादों की बिक्री के लिए हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे। दूसरा निश्चय 'समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार' है। इसके तहत औद्योगिक विकास को गति देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तीन उच्चस्तरीय समितियों का गठन किया गया है। अगले पांच वर्षों में राज्य में कम से कम 50 लाख करोड़ रुपये के निजी निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। बंद पड़ी 9 चीनी मिलों को चरणबद्ध रूप से चालू करने और 25 नई चीनी मिलों की स्थापना का निर्णय लिया गया है। तीसरा निश्चय 'कृषि में प्रगतिप्रदेश की समृद्धि' है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए वर्ष 2024 से 2029 तक के चौथे कृषि रोड मैप के कार्यों में तेजी लाई जाएगी। मखाना रोड मैप बनाकर मखाना के उत्पादन और प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाएगा। डेयरी और मत्स्य पालन पर विशेष जोर दिया जाएगा तथा प्रत्येक पंचायत में 'सुधा' बिक्री केंद्र स्थापित किए जाएंगे। चौथा निश्चय 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' है। इसके तहत राज्य में अलग उच्च शिक्षा विभाग का गठन किया गया है। पुराने प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा और नई एजुकेशन सिटी का निर्माण किया जाएगा।

# विजय दिवस आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने मंगलवार को कहा कि विजय दिवस केवल अतीत की विजय को स्मरण करने का दिन नहीं, बल्कि यह आत्ममंथन और संकल्प का अवसर भी है। भविष्य की चुनौतियों और आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा आवश्यकताओं के प्रति स्वयं को निरंतर सुदृढ़ और सजग बनाए रखना होगा। राज्यपाल सोमवार को विजय दिवस के अवसर पर यहां शौर्य स्थल पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सेवारत एवं पूर्व सैनिकों से भेंट कर उनसे संवाद किया और राष्ट्र की रक्षा में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की ऐतिहासिक, रणनीतिक एवं निर्णायक सैन्य विजय को स्मरण करते हुए कहा कि यह युद्ध भारत के सैन्य इतिहास में स्वर्णिम अध्याय है। भारतीय सशस्त्र बलों ने अद्वितीय शौर्य, साहस और कुशल रणनीति का परिचय देते हुए न केवल दुश्मन के 93 हजार सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया था, बल्कि पाकिस्तान के विभाजन के साथ एक नए राष्ट्र, बांग्लादेश के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त किया था। राज्यपाल ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों की उत्कृष्ट रणनीति, कठोर प्रशिक्षण, संयुक्त योजना, अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि 54 वर्ष पूर्व इस युद्ध के बलिदानी एवं घायल जवानों के परिवारों की देखभाल करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विजय दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सदैव उनके परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत आधुनिकीकरण, तकनीकी नवाचार, भविष्य के युद्ध कौशल और सैन्य क्षमताओं के क्षेत्र में एक व्यापक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यह परिवर्तन हमारे सशस्त्र बलों की शक्ति और राष्ट्र की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## खेल के मैदान में बह रहा खिलाड़ियों का खून सरकार सुरक्षा देने में विफल : खन्ना

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने मंगलवार को मौजूदा सरकार को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर घेरते हुए कहा है कि पंजाब वासियों को रंगला पंजाब का सपना दिखाने वाली आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार खिलाड़ियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। श्री खन्ना ने पंजाब के मोहाली में कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ी राणा बलाचौरिया की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पंजाब सरकार पिछले करीब चार वर्षों के दौरान खिलाड़ियों को सुरक्षा देने में विफल रही है।उन्होंने कहा कि साल 2022 में नकोदर में संदीप नंगल अंबियां, इस साल के दौरान अक्टूबर में जगरांव में तेजपाल सिंह, नवंबर में लुधियाना में गुरविंदर सिंह और अब दिसंबर में मोहाली में राणा बलाचौरिया की हत्या से खिलाड़ियों तथा खेल प्रेमियों में भारी रोष पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कबड्डी व कुश्ती पंजाब की खुशहाली का प्रतीक रहे हैं लेकिन पिछले तीन वर्षों से न तो खिलाड़ी सुरक्षित हैं और न ही खेल प्रेमी सुरक्षित हैं। श्री खन्ना ने कहा कि मोहाली में राणा बलाचौरिया की हत्या के दौरान सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमियों की भीड़ मौजूद थी। हमलावर भीड़ में आम जनता को भी निशाना बना सकते थे। इतने बड़े आयोजन में कम पुलिस बल की तैनाती सरकार की बड़ी असफलता है। पंजाब में आए दिन हो रही घटनाओं से खेल प्रेमियों में भारी रोष पाया जा रहा है। पंजाब सरकार सार्वजनिक मंच के माध्यम से खिलाड़ियों तथा खेल प्रेमियों की सुरक्षा को यकीनी बनाए।

## बठिंडा सैन्य स्टेशन पर विजय दिवस 1971 का आयोजन

**बठिंडा।** विजय दिवस 1971 के अवसर पर मंगलवार को यहां सैन्य स्टेशन पर श्रद्धा और सम्मान के साथ समारोह आयोजित किया गया। यह दिन 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक विजय और शहीद वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण करने का प्रतीक है। शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया, जिससे देश की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया। यह स्मरणोत्सव सभी रैंकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और भारतीय सेना के मूल मूल्यों अर्थात कर्तव्य, सम्मान और राष्ट्र सर्वोपरि को सुदृढ़ करते हुए उन बलिदानों की याद दिलाई, जो भारत की स्वतंत्रता और सुरक्षा की नींव हैं।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें अब तक रद्द रही हैं। आज हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहाए लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावाए कुछ असर आज की कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था। दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से दोपहर के समय सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया गया है कि अब विमानों का परिचालन निर्बाध रूप से हो रहा है लेकिन सुबह रही देरी का कुछ असर आगे भी देखा जा सकता है। उसने उड़ानों की सही स्थिति की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी है। इससे पहलेए सुबह के पोस्ट में कहा गया था कि उड़ानों के परिचालन में लगातार सुधार हो रहा हैए हालांकि प्रस्थान और आगमन की कुछ उड़ानों में व्यवधान हो सकता है।

## दिल्ली में एआईक्यू में सुधार से राहत

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार होने से पिछले तीन दिनों के खतरनाक 'गंभीर' वायु प्रदूषण से कुछ राहत मिली है। आज सुबह छह बजे दिल्ली का एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में 381 था जो सोमवार के 427 और रविवार के 461 के मुकाबले बेहतर था। रविवार को इस सर्दी में शहर में अब तक का सबसे ज़्यादा प्रदूषण स्तर रिकॉर्ड किया गया था। विशेषज्ञों ने इस सुधार का श्रेय लगातार चलने वाली सतही हवाओं को दिया जिससे ज़मीन के पास फंसी प्रदूषक गैसें फैल गईं। सोमवार दोपहर को हवा की रफ्तार 15 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई और रात भर जारी रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार आज हवा की गुणवत्ता में और सुधार होने की संभावना है। दिन के दौरान दिल्ली के कुछ हिस्सों में सतही हवा की गति 25 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे खतरनाक प्रदूषण के स्तर से थोड़ी राहत मिलेगी। आईएमडी के अनुसार पिछले तीन दिनों के विपरीत आज सुबह केवल 11 केन्द्रों ने 'गंभीर' निशान को पार किया। वज़ीरपुर में शहर की सबसे खराब हवा की गुणवत्ता रिकॉर्ड की गई, जिसका एक्यूआई 434 था, इसके बाद जहांगीरपुरी (430), मुंडका (424), और डीटीयू (423) जैसे अन्य प्रदूषण केन्द्र थे। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) ने सोमवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता के लिए मंगलवार से गुरुवार तक हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रहने की संभावना जतायी थी। इस बीच शहर का न्यूनतम तापमान बढ़कर 11.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो साल के इस समय के सामान्य तापमान से 2.6 डिग्री ज़्यादा है।

## राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनयन से भाजपा नेता ने जताया हर्ष

**सहरसा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ शशिशेखर झा ने बिहार सरकार के मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये व्यक्त की है।उन्होने कहा कि एक जमीनी कार्यकर्ता का शीर्ष नेतृत्व तक पहुँचना यह भाजपा में ही संभव है।आपका यह दायित्वपूर्ण पद संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती और जनसेवा की नई दिशा देगा।उज्ज्वल, सफल कार्यकाल की मंगलकामना करते हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री सम्राट ने कहा कि बिहार के कार्यकर्ताओ में एक नया जोश और उत्साह है कि आज बिहार से पार्टी के शीर्ष पद पर पहुंचे। साथ ही दरभंगा के लोकप्रिय विधायक संजय सरावगी को भारतीय जनता पार्टी, बिहार का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री ने ऊर्ज़ा विभाग के अन्तर्गत नवचयनित 2390 अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विद्युत भवन में आयोजित कार्यक्रम में ऊर्ज़ा विभाग के अन्तर्गत बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं अनुषंगी कपंनियों में नवचयनित 2390 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसमें 1810 तकनीशियन, 512 पत्राचार लिपिक तथा 68 भंडार सहायक कर्मी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 03 अभ्यर्थियों- श्री सन्नी साकेत, आशुतोष कुमार एवं मोहित कुमार भट्ट को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी से उम्मीद करता हूं कि पूरी मेहनत और लगन से काम करेंगे तथा बिहार को और आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि हमलोगों के द्वारा शुरू से ही युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2005 से वर्ष 2020 के बीच 8 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी। वर्ष 2020 में सात निश्चय-2 के तहत 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया था जिसके तहत हमलोगों ने 10 लाख नौकरी एवं 40 लाख रोजगार यानी कुल 50 लाख नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराया। अब हमने तय किया है कि अगले पांच वर्ष में इसका दोगुना यानी एक करोड़ नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध करायेंगे। सरकार इस पर तेजी से काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य में पम्प्ड स्टोरज प्रोजेक्ट के अधिष्ठापन हेतु एकरारनामे पर हस्ताक्षर किया गया। राज्य में ऊर्ज़ा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और नवीकरणीय ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा पम्प स्टोरेज पॉलिसी-2025 लागू की गई है। इस नीति के आधार पर बिहार स्टेट पॉवर जेनेरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा दो एजेंसियों मेसर्स ग्रीनको एवं मेसर्स सन पेट्रो का चयन किया गया है। ये दोनों परियोजनाएं नवादा जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं। इन दोनों परियोजनाओं से राज्य में 13 हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के पूर्व विद्युत भवन स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बिहार राज्य में सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर कार्यरत विद्युत उत्पादन केन्द्रों, संचरण कंपनियों एवं वितरण कंपनियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर की स्थापना की गई है।

# रामवीर सिंह ने जालंधर के नए संभागीय आयुक्त के तौर पर कार्यभार संभाला

जालंधर। श्री रामवीर सिंह आईएएस ने मंगलवार को जालंधर के नए संभागीय आयुक्त के तौर पर कार्यभार संभाला । भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री रामवीर सिंह राज्य सरकार में कई पदों पर काम कर चुके हैं। सार्वजनिक सेवा के प्रति अपने सक्रिय और ज़िम्मेदार रवैये के लिए जाने जाने वाले श्री रामवीर सिंह को राज्य में प्रशासनिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। उन्होंने राज्य सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं, जिनमें पटियाला, संगरूर और पठानकोट के उपायुक्त, मार्क.फ़ेड के प्रबंधक निदेशक शामिल हैं और वर्तमान में वे पंजाब मंडी बोर्ड के सचिव और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पंजाब के सचिव के रूप में राज्य की सेवा कर रहे हैं। संभागीय आयुक्त ने कहा कि लोगों को स्वच्छ, पारदर्शी और ज़िम्मेदार प्रशासन प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह पंजाब सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों और नीतियों को आगे बढ़ाएंगे ताकि इसका लाभ समाज के कमज़ोर और वंचित वर्गों तक पहुंच सके।

# जिलाधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सारण। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने मंगलवार को सदर अस्पताल में शिशुओं को पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान 2025 का शुभारंभ किया। यह अभियान पूरे जिले में 16 दिसंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक चलेगा जिसका लक्ष्य है जिले के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करना। सदर अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक सहित स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से शिशुओं को पोलियो की दो बूँदें पिलाकर इस महत्वपूर्ण जन-स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत की और अभियान दल को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जिले के सभी अभिभावकों से अपने अपील में कहा है कि पोलियो एक विकलांग बनाने वाली बीमारी है लेकिन इसकी रोकथाम बहुत आसान है। इस दस दिवसीय अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर- घर जाकर और निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य करेंगी। उन्होंने सारणवासी से इस कार्य में अस्पताल प्रशासन, टीका कर्मी और इस कार्य में लगे सदस्यों का सहयोग करने और अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाकर देश को पोलियो मुक्त रखने के संकल्प को मजबूत करने को कहा।

# पर्यटन व्यय में पारदर्शिता की मांग, उप-समिति से तत्काल समीक्षा का आग्रह

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में प्रशासक की सलाहकार परिषद की कला, संस्कृति, पर्यटन एवं विरासत संरक्षण संबंधी वैधानिक समिति के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान पर्यटन संवर्धन पर किए गए व्यय में पारदर्शिता और जवाबदेही के अभाव पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि सार्वजनिक धन के उपयोग का स्पष्ट विवरण न होना चिंताजनक है।

श्री लक्की ने चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी द्वारा संसद में पूछे गए प्रश्न के उत्तर का हवाला देते हुए बताया कि पर्यटन गतिविधियों पर कुल 33.26 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिसमें से 11.84 करोड़ रुपये कलाकारों और अन्य विक्रेताओं को भुगतान के रूप में दर्शाए गए हैं। इन भुगतानों का हालांकि कोई विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध नहीं कराया गया। कलाकारों और विक्रेताओं के नाम, भुगतान की गई राशि, आयोजनों की प्रकृति और खर्च के परिणामों की जानकारी साझा नहीं की गई है। इसके अलावा, शेष लगभग 22 करोड़ रुपये के उपयोग पर भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी सार्वजनिक राशि खर्च होने पर पूर्ण पारदर्शिता और ठोस परिणाम अपेक्षित हैं। इसी को लेकर उन्होंने संस्कृति विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर उप-समिति की आपात बैठक बुलाने और खर्च की विस्तृत समीक्षा करने का अनुरोध किया है। साथ ही, पर्यटन विभाग से मदवार और वर्षवार विवरण मांगा गया है। लक्की ने स्पष्ट किया कि यदि धन का उपयोग बिना ठोस लाभ के पाया गया, तो समिति आवश्यक कार्रवाई करेगी।

# वात्सल्य योजना के तहत बेसहारा बच्चों के खातों में 3 करोड़ 9 लाख रुपये खातों में स्थानांतरित

■ महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने डीबीटी किया 2 महीने का पैसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड राज्य की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को दो माह का 3 करोड़ 9 लाख रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी की है। सोमवार को कैंप कार्यालय पर धनराशि लाभार्थियों की खातों में डीबीटी करने के बाद मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस योजना में प्रदेश सरकार 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रतिमाह तीन हजार रुपये की सहायता राशि देती है। इस योजना के तहत सितंबर 25 तक का धन पहले ही जारी कर दिया गया था। मंत्री ने बताया कि अक्टूबर माह में 5177 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 55 लाख 31 हजार रुपये और नवंबर महीने के लिए कुल 5147 लाभार्थियों को 1 करोड़ 54 लाख 41 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थी की उम्र 21 वर्ष की हो जाने या बालिका लाभार्थियों के विवाह या लाभार्थी के सेवायोजित हो जाने के बाद वह योजना से बाहर हो जाता है। इस अवसर पर विभागीय निदेशक बंसी लाल राणा, भाजपा नेता इंदर रावत, सीपीओ अंजना गुप्ता और डिप्टी सीपीओ राजीव नयन आदि उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063